राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति




उपराष्ट्रपति चुनाव : 21 अगस्त को नामांकन करेंगे महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन



मुंबई में बारिश से आफत, स्कूल और दफ्तर बंद; रेड अलर्ट जारी


RNI Regn. No.7789/1964 | वर्ष-61 > अंक - 235 | रायपुर | बुधवार 20 अगस्त 2025 विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ 8 > मूल्य : 2 रू. | डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25


## पीएम मोदी से मिले डॉ. रमन, नवीन विधानसभा भवन लोकार्पण के लिए किया आमंत्रित



नई दिल्ली, एजेंसी।

रायपुर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मंगलवार को अपने दिल्ली प्रवास के दौरान संसद भवन में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी को 1 नवम्बर 2025 को प्रदेश के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के नवा रायपुर (अटल नगर) स्थित नवनिर्मित विधानसभा भवन में प्रवेश करने की जानकारी दी। डॉ. रमन सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी को इस ऐतिहासिक अवसर पर नवीन विधानसभा भवन का लोकार्पण उनके हाथों से करने हेतु आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि यह गौरवशाली क्षण प्रदेश की जनता और सभी विधानसभा सदस्यों के लिए स्मरणीय होगा।

साथ ही, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी भेंट की और उन्हें नवीन विधानसभा भवन के लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करने हेतु आमंत्रित किया। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधानसभा अध्यक्ष का आमंत्रण स्वीकार किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी से चर्चा करते हुए कहा कि नवा रायपुर में ब्रह्माकुमारी बहनों का नया भवन बन कर तैयार है, जिसके लोकार्पण समारोह में ब्रह्मकुमारी बहनें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित करना चाहती है। डॉ. रमन सिंह के इस आग्रह को प्रधानमंत्री ने सहर्ष स्वीकार कर ब्रह्मकुमारी संस्थान के नवीन भवन लोकार्पण के लिए भी अपनी स्वीकृति प्रदान की है। आपको बता दे कि, छत्तीसगढ़ प्रदेश अपने गठन के 25 वर्ष पूर्ण कर रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी होंगे विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार

### एनडीए के सीपी राधाकृष्णन से होगा मुकाबला



नईदिल्ली,संवाददाता

भारत के उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए विपक्षी इंडिया गठबंधन ने मंगलवार को अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। गठबंधन ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन के सामने खड़ा किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इसकी आधिकारिक घोषणा की। रेड्डी का फैसला मंगलवार को इंडिया गठबंधन की बैठक में लिया गया है, जो खड़गे के आवास पर हुई थी। खड़गे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में रेड्डी को भारत के सबसे प्रतिष्ठित और प्रगतिशील न्यायविदों में से एक बताया।

### मोदी कैबिनेट की बैठक में बड़ा फैसला : ऑनलाइन गेमिंग विधेयक को कैबिनेट से मंजूरी

# सट्टेबाजी ऐप पर होगा केंद्र का नियंत्रण

### कोटा में नया एयरपोर्ट, ओडिशा में बनेगी 6 लेन रिंग रोड,

नई दिल्ली ,संवाददाता।

केंद्रीय कैबिनेट की मंगलवार 19 अगस्त को हुई बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं. सरकार ने राजस्थान में कोटा के बूंदी में ग्रीन फील्ड नए एयरपोर्ट के निर्माण को मंजूरी दे दी है. करीब 1507 करोड़ रुपए की लागत से इस नए एयरपोर्ट का निर्माण किया जाएगा. इसके अलावा ओडिशा में कटक से भुवनेश्वर के बीच 8307 करोड़ रुपए की लागत से रिंग रोड का निर्माण होगा। ये सरकारी योजनाओं का बजट बढ़ाने से लेकर भारतीय रेलवे के लिए कई मंजूरियां दी गई. इस बैठक में प्रमुख तौर पर छह बड़े निर्णय लिए गए, जिनमें से एक प्रधानमंत्री कृषि संपदा योजना को और सशक्त बनाने के लिए इसके बजट में बढ़ोतरी और इटारसी-नागपुर चौथी रेलवे लाइन को अप्रूवल दिया जाना शामिल है। केंद्र सरकार ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए को नियंत्रित करने जा रही है। इस संबंध में संसद में ऑनलाइन गेमिंग ऐप विधेयक पेश किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली केंद्रीय कैबिनेट ने मंगलवार को इस विधेयक को मंजूरी दे दी, जिसका उद्देश्य सट्टेबाजी ऐप्स को



विनियमित करना और जुए पर सख्त जांच करना है। विधेयक में ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म को कानून के अंतर्गत लाना और डिजिटल ऐप्स के जरिए जुआ खेलने पर दंड लगाने का प्रावधान है।विधेयक को बुधवार को ही मानसून सत्र के दौरान संसद में पेश किया जाएगा, जिससे इस पर चर्चा आगामी शीतकालीन सत्र में हो सकेगी। मानसून सत्र 21 अगस्त को समाप्त हो रहा है।

अश्विनी वैष्णव ने बैठक के फैसलों की जानकारी देते हुए आगे बताया कि भारतीय रेलवे से जुड़े कई प्रस्तावों पर मुहर लगी है और चार नई रेलवे लाइनों को मंजूरी दी गई है. केंद्रीय मंत्री के मुताबिक, ये रेल लाईने महाराष्ट्र, एमपी, पश्चिम





बंगाल, बिहार, ओडिशा और झारखंड राज्यों के 13 जिलों को कवर करेंगी और रेलवे नेटवर्थ में 574 किलोमीटर का इजाफ ा होगा. जिन रेलवे लाइनों को Modi Cabinet की मंजूरी मिली है, उनमें पहली इटारसी से नागपुर तक चौथी रेल लाइन शामिल है, जिसके लिए सरकार ने 5,451 करोड़ रुपये दिए गए हैं. अन्य रेल प्रोजेक्टों में अलुआबारी रोड से न्यू जलपाईगुड़ी तक तीसरी और चौथी रेलवे लाइन के लिए 1,786 करोड़ रुपये, छत्रपति संभाजीनगर से परभणी रेलवे लाइन दोहरीकरण के लिए 2,179 करोड़ रुपये और डांगोआपोसी से जारोली तीसरी और चौथी रेलवे लाइन के लिए 1,752 करोड़ मंजूर किए गए हैं।

### देश में 41 करोड़ के आसपास पहुंच चुकी है हवाई यात्रियों की संख्या

कोटा के लिए लंबे समय से एक मॉडर्न एयरपोर्ट की डिमांड थी. पहले का जो एयरपोर्ट है वो काफी छोटा है, इसलिए अब नए एयरपोर्ट के निर्माण का फैसला किया गया है. एक समय में जहां देश में करीब 16 करोड़ हवाई यात्री थे, वहीं अब इनकी संख्या 41 करोड़ के आसपास पहुंच चुकी है. भारत के हर इलाके में एयरपोर्ट की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है.

### NCDC-कृषि संपदा योजना का बजट बढ़ा

मोदी कैबिनेट की बैठक में लिए गए फैसलों के बारे में बताते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इसमें किसानों और रेलवे से जुड़े छह फैसलों पर मुहर लगी है. इसके तहत नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के फंड में 'सहायता अनुदान' के जरिए बजट बढ़ाते हुए 2000 करोड़ रुपये किया गया है. उन्होंने बताया कि NCDC सहकारी समितियों को Loan प्रदान करता है. ये कर्ज लगभग 8.25 लाख सहकारी समितियों को जाते हैं, जिनके 29 करोड़ सदस्य हैं और 94% किसान इससे जुड़े हैं. एनसीडीसी द्वारा दिए गए ऋण की रिकवरी दर भी लगभग 99.8% है और इसका Net NPA जीरो है।

## गंगा और यमुना समेत 17 नदियां उफान




**नईदिल्ली,एजेंसी।** देश भर में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है और लगातार हो रही बारिश से हाल बेहाल है। इस बीच राज्यों में बहने वाली नदियां भी उफान मार रही हैं। केंद्रीय जल आयोग ने बाढ़ पूर्वानुमान को लेकर बड़ी जानकारी साझा की है। आयोग के मुताबिक, देश में करीब 17 नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं, जबकि कई पार करने की कगार में हैं। दिल्ली और भागलपुर समेत कई शहरों में बाढ़ का खतरा है। आयोग के मुताबिक, दिल्ली में पिछले 3 दिनों से बारिश बंद है, लेकिन फिर भी यमुना नदी उफान पर है। मंगलवार को पुराने रेलवे पुल पर नदी का जलस्तर 205.78 मीटर दर्ज किया गया है, जो 205.33 मीटर खतरे के निशान के ऊपर है।

## प्रधानमंत्री मोदी से मिले चीनी विदेश मंत्री वांग यी,एससीओ शिखर सम्मेलन का दिया न्योता

एजेंसी

भारत दौरे पर आए चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान वांग ने पीएम मोदी को चीन के तियानजिन में आयोजित होने वाले एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए राष्ट्रपति शी जिनपिंग का संदेश और निमंत्रण सौंपा। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भी सीमा पर शांति और सौहार्द बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया और सीमा विवाद के निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। वांग यी ने भी विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक और एनएसए अजीत डोभाल के साथ हुई विशेष प्रतिनिधियों की 24वीं बैठक के बारे में अपनी सकारात्मक राय भी साझा की।



पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मिलकर खुशी हुई। पिछले साल कजान में राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मेरी मुलाकात के बाद से भारत-चीन संबंधों में एक-दूसरे के हितों और संवेदनशीलता के सम्मान के साथ निरंतर प्रगति हुई है। मैं शंघाई सहयोग संगठन (SCO) शिखर सम्मेलन के दौरान तियानजिन में होने वाली हमारी अगली मुलाकात का बेसब्री से इंतज़ार कर रहा हूं। भारत और चीन के बीच स्थिर, विश्वसनीय और रचनात्मक संबंध क्षेत्रीय और वैश्विक शांति एवं समृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

### सीमा मामलों से जुड़े मुद्दे पर हुई चर्चा: विदेश मंत्रालय

विदेश मंत्रालय ने कहा कि एनएसए अजीत डोभाल के निमंत्रण पर चीन के विदेश मंत्री वांग यी 18-19 अगस्त 2025 को भारत की आधिकारिक यात्रा पर आए। एनएसए के साथ भारत और चीन के बीच सीमा सवाल पर विशेष प्रतिनिधियों (एसआर) की 24वें दौर की वार्ता की सह-अध्यक्षता करने के अलावा उन्होंने भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। एसआर वार्ता में तनाव कम करने, परिसीमन और सीमा मामलों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। विदेश मंत्रियों के बीच चर्चा में साझा हित के द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई।

## जम्मू कश्मीर के घोषित आतंकवादी की करोड़ों की संपत्ति कुर्क, मजिस्ट्रेट के समक्ष कार्रवाई

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में पुलिस आतंकवादी नेटवर्क और उनके ढांचों को ध्वस्त करने के लिए पुलिस कार्रवाई कर रही है. इसी क्रम में पुलिस ने श्रीनगर में पुलिस ने एक आतंकवादी की अचल संपत्ति कुर्क की. यह कार्यवाही यूएपीए की धारा 25 के तहत की गई. इस धारा के अंतर्गत अधिकारियों को आतंकवादी गतिविधियों के लिए इस्तेमाल की गई या इस्तेमाल की जाने वाली संपत्ति को जब्त करने का अधिकार है. जिस आतंकवादी के घर यह कार्रवाई हुई उसका नाम डॉ. आसिफ मकबूल डार है. एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बरमुल्लाह के बांदी पईन में तीन कनाल और 18 मरला जमीन का बाग कुर्क किया गया।

## इसरो का अगला रॉकेट 40 मंजिला ऊंचा होगा : इसरो अध्यक्ष

एजेंसी

**हैदराबाद** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 40 मंजिला इमारत जितनी ऊंचाई वाले रॉकेट पर काम कर रहा है, जो 75,000 किलोग्राम पेलोड को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित करेगा। इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने उस्मानिया विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते इस योजना का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अंतरिक्ष एजेंसी ने एक नया नेविगेशन विद इंडिया कांस्टेलेशन सिस्टम (नाविक) उपग्रह और एन1 रॉकेट जैसी परियोजनाओं की योजना बनाई है। इसरो प्रमुख ने कहा, आप जानते हैं, रॉकेट की क्षमता क्या





है? पहला लांचर अब्दुल कलाम जी ने बनाया था, जिसका भार 17 टन था और यह 35 किलोग्राम भार को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित करने में सक्षम था। उन्होंने आगे कहा कि आज, हम 75,000 किलोग्राम भार को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित करने वाले रॉकेट पर विचार कर रहे हैं। यह रॉकेट 40 मंजिला इमारत जितनी ऊंचाई का है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने इस वर्ष प्रौद्योगिकी प्रदर्शन उपग्रह और भारतीय नौसेना के लिए डिजाइन किया गया जीसैट-7आर को लॉन्च करने की योजना बनाई है, जो मौजूदा जीसैट-7आर (रुक्मिणी) उपग्रह को प्रतिस्थापित करेगा। इसरो प्रमुख बताया कि आगामी योजना में भारतीय रॉकेटों का उपयोग करके 6,500 किलोग्राम वजनी अमेरिकी संचार उपग्रह का लॉन्च भी शामिल है। उन्होंने कहा कि अभी भारत के 55 उपग्रह कक्षा में हैं और अगले 3-4 सालों में यह संख्या 3 गुना तक बढ़ जाएगी।

**विदेश** | चीन ने किया था आपूर्ति को बंद

## चीन भारत को करेगा दुर्लभ खनिज समेत कई चीजों की आपूर्ति

**नईदिल्ली,** । भारत और चीन के बीच संबंध सामान्य होने के संकेत मिल रहे हैं। भारत दौरे पर आए चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर को आश्वासन दिया है कि चीन उर्वरक, दुर्लभ खनिज और सुरंग खोदने वाली मशीनों (टीबीएम) की आपूर्ति बहाल करेगा। बता दें कि ये बेहद अहम संसाधन हैं, जिनकी कमी से भारत के कृषि, ऑटोमोबाइल और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र पर असर पड़ रहा था।

रिपोर्ट के मुताबिक, विदेश मंत्री जयशंकर ने पिछले महीने अपनी चीन यात्रा के दौरान अपने समकक्ष यी के साथ यूरिया, एनपीके और डीएपी, दुर्लभ खनिज और टीबीएम की आपूर्ति का मुद्दा उठाया



था। इसके बाद चीनी विदेश मंत्री की भारत यात्रा पर इन चीजों की आपूर्ति बहाल करने पर सहमति बनी है। बता दें कि बीते करीब एक साल से चीन ने इनके निर्यात रोक दिया था, जिससे भारत को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था।

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि बातचीत में आर्थिक और व्यापारिक मुद्दे, तीर्थयात्रा, लोगों से लोगों के बीच संपर्क, नदी डेटा साझाकरण, सीमा व्यापार, संपर्क और द्विपक्षीय आदान-प्रदान पर चर्चा होगी। चीनी विदेश मंत्री के साथ अपने भाषण में विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पड़ोसी देशों और दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के रूप में भारत-चीन संबंधों के विविध पहलू और आयाम हैं। हालांकि, दोनों के बीच सीमा मुद्दों पर चर्चा नहीं हुई। विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने चीनी समकक्ष से कहा कि ताइवान पर भारत की स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है और दुनिया की तरह भारत ने भी आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों के लिए राजनयिक उपस्थिति बनाए रखी है। वहीं, अमेरिकी टैरिफ को लेकर दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि अमेरिका की मौजूदा नीतियों के कारण उन्हें एक-दूसरे के करीब आने की जरूरत है और अनिश्चितता से निपटने के लिए दोनों पक्षों को बातचीत करनी होगी।

## ट्रंप ने पुतिन को फोन कर रखा जेलेंस्की के साथ बैठक का प्रस्ताव

एजेंसी

**वाशिंगटन,** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस और यूक्रेन के बीच शांति समझौते के तहत पूर्ण युद्ध विराम कराने के प्रयास तेज कर दिए हैं। सोमवार को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की के साथ बैठक और व्हाइट हाउस में यूरोपीय नेताओं के साथ सामूहिक बैठक के बाद उन्होंने तत्काल रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को फोन कर दिया। इस दौरान उन्होंने पुतिन से जेलेंस्की के साथ आमने-सामने की बैठक करने का प्रस्ताव रख दिया, जिस पर उन्होंने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।



ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पुतिन से फोन पर बात किए जाने का खुलासा किया। उन्होंने लिखा, जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं के साथ बैठक के बाद मैंने राष्ट्रपति पुतिन को फोन किया और उन्हें जेलेंस्की के साथ आमने-सामने की बैठक करने का प्रस्ताव रख दिया। उन्होंने लिखा, पुतिन ने प्रस्ताव पर सकारात्मक रुख दिखाया है। ऐसे में मैने राष्ट्रपति पुतिन और जेलेंस्की के बीच एक निश्चित स्थान पर बैठक की तैयारियां शुरू कर दी है।

ट्रंप ने आगे लिखा, रूसी राष्ट्रपति पुतिन और जेलेंस्की के बाद हम एक त्रिपक्षीय बैठक करेंगे, जिसमें दोनों राष्ट्रपति और मैं शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और विशेष दूत स्टीव विटकॉफ रूस और यूक्रेन के साथ मिलकर व्यवस्था पर काम कर रहे हैं। यह लगभग 4 वर्षों से चल रहे युद्ध के लिए एक बहुत अच्छा कदम है। उन्होंने लिखा, त्रिपक्षीय बैठक होने के बाद रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त होने की उचित संभावना रहेगी। क्रेमलिन ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन ने अलास्का शिखर सम्मेलन के दौरान आतिथ्य और प्रगति के लिए ट्रंप को धन्यवाद भी दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, क्रेमलिन के एक सहयोगी ने पुष्टि की कि दोनों नेताओं के बीच 40 मिनट तक फोन पर बातचीत हुई, जिसमें उन्होंने रूसी और यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडलों के बीच सीधी बातचीत जारी रखने का समर्थन किया। उन्होंने यूक्रेन संकट और अन्य गंभीर वैश्विक मुद्दों पर निकट संपर्क बनाए रखने पर भी सहमति जताई है। इससे पहले ट्रंप और प्रमुख यूरोपीय राष्ट्राध्यक्षों के बीच बैठक हुई।

### वोलोडिमीर जेलेंस्की से मिलना चाहते हैं पुतिन

#### अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने किया खुलासा

**संवाददाता** – अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बताया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जब अलास्का दौरे पर आए थे, तब उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की से मुलाकात पर हामी भरी थी। रुबियो ने यह खुलासा किया। उन्होंने कहा कि भले ही दोनों नेताओं के बीच कोई बात न बने, लेकिन बातचीत की मेज पर आना ही बड़ी बात है। रुबियो ने कहा कि यह काम पिछले 3 साल से नहीं हो रहा था। रुबियो ने कहा, मैं था। उस बातचीत में, राष्ट्रपति ने सुझाव दिया कि जेलेंस्की और पुतिन मिलें, इसलिए हम अब इसपर काम कर रहे हैं ताकि उनकी कहीं मुलाकात हो सके, जो अभूतपूर्व होगा। अगर यह ठीक रहा, तो अगली मुलाकात पुतिन, ट्रंप और जेलेंस्की के बीच होगी, जहां हम एक समझौते को अंतिम रूप देने की उम्मीद करते हैं।

## युद्ध के दौरान मारे गए 383 सहायताकर्मी, गाजा में बड़ी तबाही

लोकशक्ति

**संयुक्त राष्ट्र,।** संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि 2024 में वैश्विक हॉटस्पॉट में रिकॉर्ड 383 सहायता कर्मी मारे गए, जिनमें से आधे अकेले गाजा में मारे गए. संयुक्त राष्ट्र मानवीय कार्यालय ने मंगलवार को उन हज़ारों लोगों के सम्मान में आयोजित वार्षिक दिवस पर कहा कि 2024 में वैश्विक हॉटस्पॉट में रिकॉर्ड 383 सहायता कर्मी मारे गए. इनमें से लगभग आधे इजराइल और हमास के बीच युद्ध के दौरान गाजा में मारे गए. संयुक्त राष्ट्र मानवीय सहायता प्रमुख टॉम फ्लेचर ने कहा कि रिकॉर्ड संख्या में हत्याएं, संघर्ष में फंसे नागरिकों और उनकी मदद करने की कोशिश कर रहे सभी लोगों की सुरक्षा के लिए एक चेतावनी होनी चाहिए.

फ्लेचर ने विश्व मानवता दिवस पर एक बयान में कहा, इस पैमाने पर, बिना किसी जवाबदेही के, हमले अंतरराष्ट्रीय निष्क्रियता और उदासीनता का शर्मनाक उदाहरण हैं.

उन्होंने आगे कहा, मानवतावादी समुदाय के रूप में, हम एक बार फिर मांग करते हैं कि सत्ता और प्रभाव रखने वाले लोग मानवता के लिए काम करें, नागरिकों और सहायताकर्मियों की रक्षा करें और अपराधियों को जवाबदेह ठहराएं.

गौर करें तो सहायता कर्मी सुरक्षा डेटाबेस साल 1997 से रिपोर्ट संकलित करता आ रहा है. उसके अनुसार, हत्याओं की संख्या 2023 में 293 से बढ़कर 2024 में 383 हो गई. इनमें गाजा में 180 से ज़्यादा मौतें शामिल हैं।

# अल्पवर्षा, प्रदेश की 28 तहसील में फसल की स्थिति कमजोर, किसानों के माथे पर चिन्ता की लकीर

### पिछले दो दिनों से हो रही वर्षा से स्थिति में सुधार आने की संभावना 0 तिल्दा धरसींवा के कई गांव में पानी नहीं देने से फसल प्रभावित होने का आरोप



**रायपुर ।** प्रदेश में अनवरत वर्षा नहीं होने के कारण अभी भी 28 तहसील सूखे के शिकार हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण बस्तर में वर्षा होने के कारण बीजापुर और नारायणपुर की स्थिति में सुधार आया है। इधर रायपुर धमतरी, नैला जांजगीर, बालोद में पानी नहरों से छोड़ा गया है। ताकि धान की फसल को बचाया जा सके।

कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस समय रायपुर जिले में औसत से अधिक वर्षा हो रही है लेकिन असिंचित क्षेत्रों मे पानी की पर्याप्त आवश्यकता है। उप संचालक अवस्थी के अनुसार आरंग, धरसींवा, और अभनपुर में महानदी की मुख्य नहर से पानी छोड़ा जा रहा है। वहीं समोदा डायवर्सन से पानी छोड़ा गया है। पिछले दो दिनों से हुई वर्षा के कारण स्थिति में सुधार आ गया है। कृषि विभाग के सांख्यिकी अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में 28 तहसील अल्पवर्षा का शिकार है। यहां पर फिलहाल वर्षा होने से स्थिति पर सुधार पर हे। रायपुर जिले में धान का रकबा 1 लाख 60 हजार एकड़ का है। महासमुंद के अधिकारियों के अनुसार सरायपाली बसना में सिंचाई के साधन संसाधन नहीं होने के कारण खेतों में दरार पड़ने लगी है। इसके कारण किसान चिंतित है। मुंगेली जिले में फिलहाल स्थिति दयनीय है। इस समय गंगरेल से पानी छोड़ने की मांग की जा रही है। चांपा जांजगीर जिले के जनप्रतिनिधि नारायण चंदेल ने बताया कि हसदेव बांगों से पानी छोड़ा जा रहा है। वहीं रायगढ़ जिले से केलो नदी से पानी छोड़ा जारहा है। दुर्ग जिले में तांदुला जलाशय परियोजना एवं शिवनाथ दी से पानी देने की मांग किसान कर रहे हैं। लेकिन फिल्हाल पानी नहीं दिया जा रहा है। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार फिलहाल आगामी कुछ दिनों में अच्छी वर्षा होने की संभावना है। जिसके चलते यहां पर स्थिति में सुधार आने की संभावना है। प्रदेश में कुल 20 हजार गांव है तथा 225 से अधिक तहसील है इनमें से 28 तहसील में वर्षा कम हुई है। जिसके कारण फिलहाल अधिकारी मुआयना कर रहे हैं। पटवारियों को गिदावरी का काम सौंपा गया है लेकिन वे अन्य कार्य में व्यस्त होने के कारण यह काम नहीं कर पा रहे है।

### तिल्दा धरसींवा ब्लाक में फसल हो रही बर्बाद-वर्मा

जिला जनपद की पूर्व अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा ने कहा कि हमारा किसान प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से मिला था। धरसींवा जनपद के 79 और विस के 32 गांव में स्थिति गंभीर है। पहले पानी छोड़ने की मांग की गई थी लेकिन पानी नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण किसानों में रोष है। उन्होंने आरोप लगाया कि पानी नहीं मिलने से इस क्षेत्र की फसल बर्बाद हो रही है। खाद के लिए भी किसान दर दर भटक रहे हैं। ज्ञात रहे इस समय एग्री पोर्टल का काम चल रहा है जिसमें किसानों को पंजीयन कराने कहा गया है लेकिन राजस्व का डाटा अपडेट नहीं हुआ है जिसके कारण यहां पर किसान च्वाइस सेंटर तथा ग्राम सेवा समिति में चक्कर काट रहे हैं।

## श्रीकृष्ण का जीवन हमें धर्म, सत्य और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता है: उपमुख्यंत्री शर्मा

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा में किया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में शिरकत, प्रदेश की खुशहाली की कामना

**कवर्धा ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री श्री विजय शर्मा अपने कवर्धा प्रवास के दौरान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर कवर्धा के ऐतिहासिक राधाकृष्ण बड़े मंदिर पहुँचे। उन्होंने जन्मोत्सव के भव्य आयोजन में शामिल होकर भगवान श्री राधा-कृष्ण के दर्शन किए और विशेष पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

श्री शर्मा ने उपस्थित श्रद्धालुओं एवं जिलेवासियों को जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हमें धर्म, सत्य और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता है। उन्होंने इस अवसर पर सभी लोगों से समाज में एकता, भाईचारा और सद्भाव बनाए रखने की अपील की।

कबीरधाम जिले का यह बड़ा मंदिर श्री राधाकृष्ण मंदिर के नाम से विख्यात है। हर वर्ष यहाँ ऐतिहासिक रूप से जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन होता है, जिसमें जिले के अलावा दूरदराज़ क्षेत्रों से भी हजारों श्रद्धालु श्रद्धाभाव से शामिल होकर भगवान के जयकारे लगाते हैं। मंदिर प्रांगण इस अवसर पर रोशनी, भजन-कीर्तन और श्रद्धालुओं की भीड़ से गूंज उठा।

जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने के बाद श्री शर्मा ग्राम भालूचुवा भी पहुँचे, जहाँ उन्होंने स्थानीय मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए और वहाँ के श्रद्धालुओं को जन्माष्टमी की शुभकामनाएँ दीं। इसके अलावा उन्होंने श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में भी पूजा-अर्चना कर जिलेवासियों की सुख-समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की। उपमुख्यंत्री के साथ कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष श्री चन्द्र प्रकाश चन्द्रवंशी सहित पार्षद एवं जनप्रतिनिधि भी इन आयोजनों में शामिल हुए।

## बिहान योजना से अनीता के सपनों को मिली उड़ान,सब्जी की खेती से कमा रही ढाई लाख रुपए सालाना

### अब उनके बच्चों के बेहतर भविष्य के सपनों को सच करने की राह आसान हो गई है



**रायपुर।**आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित बिहान योजना आशा की किरण बन रही है। इसी योजना ने मुंगेली जिले के ग्राम पंचायत कंतेली के सुरदा गांव की अनीता पटेल के जीवन को नई दिशा दी है। अनीता पटेल के पास महज 01 एकड़ जमीन थी। पति और तीन बच्चों के साथ उनका जीवन काफी कठिनाईयों में गुजर रहा था। आय कम होने के कारण बच्चों की पढ़ाई भी संकट में पड़ गई थी। ऐसे में शासन की बिहान योजना ने उनकी जिंदगी बदल दी। अनीता ने ÷मां शाकम्भरी स्व सहायता समूह÷ का गठन किया। समूह को 15 हजार रुपये की चक्रीय निधि और 60 हजार रुपये का सामुदायिक निवेश कोष मिला। इस राशि का उपयोग कर उन्होंने सब्जी की खेती शुरू की। खेती का दायरा बढ़ा तो बैंक से शासन की मदद से 01 लाख रुपये का ऋण भी उपलब्ध कराया गया। अनीता पटेल अपनी बाड़ी में ग्राफ्टेड मिर्ची, भाटा और अन्य सब्जियां उगाकर सालाना लगभग ढाई लाख रुपये की आय कमा रही हैं। मुंगेली मंडी नजदीक होने से उन्हें सब्जियों की बिक्री आसान हो जाती है और नगद भुगतान भी मिल जाता है। अनीता ने बताया कि ÷बिहान योजना'' से जुड़कर न केवल परिवार चलाना आसान हुआ, बल्कि परिवार की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो गई है। उन्होंने अन्य महिलाओं को भी इस योजना का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने की अपील की। अनीता ने इस सहयोग के लिए कलेक्टर सहित शासन-प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि अब उनके बच्चों के बेहतर भविष्य के सपनों को सच करने की राह आसान हो गई है।

## सनातन धर्म के अयोध्या से आये साधू-संतों व प्रदेश अध्यक्ष के कर कमलों द्वारा सनातन गुरूकूल आध्यात्मिक केन्द्र का दीप प्रज्जवलित कर किया गया शुभारंभ

**राजनांदगांव ।** राजनांदगांव सनातन धर्म महासभा के छ.ग. प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने वार्तालाप में बताया कि, कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर दिनांक 16 तारीख को नेहरू नगर रेल्वे क्रॉसिंग भिलाई शाम 4.29 मिनट पर पं. अरूण मिश्रा के वैदिक मंत्रो उच्चारण के साथ आयोध्या से आए पं. कमलेश्वरनंद महराज, सौम्या देवी, एस.एस. बैस महाराज, बीके सिंग महाराज, पं. अरूण मिश्रा छ.ग. प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक, प्रदेश संरक्षक राकेश इंद्रभूषण ठाकुर के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर सनातन गुरू कूल आध्यात्मिक केन्द्र का शुभारंभ किया गया इस शुभ अवसर पर सनातन धर्म के छत्तीसगढ़ के अत्यधिक संख्या में सनातनी बंधु ने हिस्सा लिया। जिसमें मुख्य रूप से सुंदर लाल साहू, हेमंतराय, मुकेश द्विवेदी, प्रियंक सोनी, सौरभ खण्डेलवाल, कमल शर्मा, व अत्यधिक संख्या में सनातनी उपस्थित हुए।सनातन धर्म महासभा छ.ग. प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने बताया कि इस सनातन गुरू कूल आध्यात्मिक केन्द्र में मुख्य रूप से सनातन संस्कार पूजा कर्मकांड श्रीमद् भागवत, रामायण, ज्योति वासतु, कुण्डलीय समाधान का ज्ञान कई प्रदेशों से आए विद्यवानों द्वारा सभी सनातनी माता भाईयों एवं बहनों को दिया जायेगा। जो कि राष्ट्रीय सनातन धर्म के पं. अरूण मिश्रा जी के नेतृत्व में दी जायेगी। प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने बताया कि पूरे हिन्दूस्तान में हिन्दू मंदिरों प्राप्त धन करोड़ो रूपयें प्राप्त होता है।

## महादेवघाट स्थित विसर्जन कुण्ड की व्यवस्था को लेकर निगम अधिकारियों ने दिन निर्देश



**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के जोन 8 की जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल ने श्रीगणेश उत्सव के पूर्व जोन 8 क्षेत्र अंतर्गत महादेवघाट के विसर्जन कुण्ड में जाकर सफाई व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया.

जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल ने विगत वर्ष श्री गणेश उत्सव में विसर्जन की प्रशासनिक व्यवस्था के सम्बन्ध में राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय के कार्यपालन अभियंता और विगत वर्ष श्रीगणेश उत्सव और विसर्जन के दौरान रायपुर नगर पालिक निगम के जोन 8 में पदस्थ रहे कार्यपालन अभियंता श्री अभिषेक गुप्ता से आवश्यक चर्चा कर जानकारी और सुझाव लिए एवं इस सम्बन्ध में नगर निगम जोन 8 के सहायक अभियंता श्री अमन चंद्राकर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री गोपीचंद देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक श्री रितेश झा को आवश्यक निर्देश सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाईट, गौतखोरों की व्यवस्था, मंच, बेरीकैटिंग, क्रेनों की व्यवस्था, नावों की व्यवस्था, फायर ब्रिगेड वाहनों की व्यवस्था, श्री गणेश जी की पूजा हेतु श्रद्धालुओं की सुविधा की दृष्टि से संस्कृत महाविद्यालय से पंडितों का प्रबंध, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, , 8-8 घण्टे की तीन पालियों में रायपुर नगर निगम के सभी 10 जोनों के जोन कमिश्नरों सहित सभी जोन अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम बनाकर प्रशासनिक ड्यूटी लगाए जाने की व्यवस्था सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं किये जाने हेतु तत्काल कार्यवाही कर प्रस्ताव बनाकर नगर निगम आयुक्त की सक्षम प्रशासनिक स्वीकृति लेने मुख्यालय भेजे जाने नस्ती में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# मांझी-चालकियों ने रखी दशहरा रथ में राज परिवार को रथारूढ़ करने की मांग

### बलराम मांझी बस्तर दशहरा समिति के उपाध्यक्ष मनोनीत



**जगदलपुर ।** बस्तर दशहरा समिति की बैठक 17 अगस्त को जिला कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में आयोजित की गई। बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष एवं सांसद, कलेक्टर बस्तर और मांझी, चालकी, मेम्बर, मेम्बरिन और पुजारी के साथ गणमान्य नागरिको की उपस्थित में बस्तर दशहरा पर्व के नए उपाध्यक्ष का चुनाव किया गया। बलराम मांझी को सर्वाधिक मांझी की-चालकियों का समर्थन मिलने पर उपाध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर सभी मांझी, चालकी, मेम्बर और मेम्बरिन द्वारा बस्तर दशहरा पर्व के दौरान माता के छत्र के साथ प्रधान पुजारी के साथ बस्तर के माटी पुजारी राज परिवार सदस्य कमलचंद भंजदेवव को भी रथारूढ़ करने की लिखित मांग की है।

कोंडागांव जिले के शामपुर परगना के मालगांव निवासी चलकी चिमरुराम ने बताया कि बस्तर दशहरा पर्व मा दंतेश्वरी और राज परिवार से जुड़ा है। राज परिवार बस्तर के माटी पुजारी है।माता के छत्र के रथारूढ़ होने का अधिकार है। कमलचंद भंजदेव विवाह नहीं हुआ था इसलिए रथ पर नहीं चढ़ सकता था। अब विवाह हो गया है इसलिए हम लोगों ने रथारूढ़ करने की मांग रखी है। इस पर बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष एवं सांसद ने प्रशासन के समक्ष बात रखने की बात कही है।

**मांझी--चालकी के रिक्त पदों की हो पूर्ति -** इस दौरान माटी पुजारी कमलचंद भंजदेव व ने कहा कि दशहरा में क्षेत्र के देवी-देवताओं और विभिन्न समुदायों की भागीदारी का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने इस पर्व में विशेष भूमिका निभाने वाले मांझी, चालकी, सेवादारों की रिक्त पदों भर्ती सभी करवाने की पहल करने की मांग की। साथ ही देवी देवताओं का आश्रय स्थल की व्यवस्था पर आवश्यक व्यवस्था करने के लिए कहा। इस अवसर पर मांझी-चालाकियों ने भी बस्तर दशहरा की सभी परंपराओं के नियमानुसार पालन तथा इसके सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित आयोजन के लिए सुझाव दिए। महापौर संजय पांडेय ने कहा कि बस्तर दशहरा हमारे शहर की सांस्कृतिक विरासत है। इसे देखने देश दुनिया के पर्यटक आते हैं, पर्यटकों को अतिथि देवों भवः के रूप में स्वागत के लिए जगदलपुर तैयार है ।

## छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव : हेरिटेज वाक में सम्मिलित हुए निगम आयुक्त एवं अपर कलेक्टर

### निगम संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, जोन 5 अध्यक्ष अम्बर अग्रवाल

### रायपुर शहर के समृद्ध होने में शहर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अहम योगदान है- आयुक्त

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण को 25 वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत रायपुर जिला प्रशासन और रायपुर नगर पालिक निगम संस्कृति विभाग के तत्वावधान में विविध सांस्कृतिक गतिविधियां की जा रही हैं. इस क्रम में रायपुर महापौर मीनल चौबे और रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और रायपुर नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देशानुसार हेरिटेज वाक आयोजन में प्रमुख रूप से नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, अपर कलेक्टर कीर्तिमान राठौर, नगर निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी, जोन 5 जोन अध्यक्ष अम्बर अग्रवाल, निगम नोडल अधिकारी उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा सहित गणमान्यजन, आमजन बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए. रायपुर जिला प्रशासन और रायपुर नगर निगम संस्कृति विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत संयुक्त आयोजन में नगर निगम संस्कृति विभाग की कार्यक्रम समन्वयक सुश्री निष्ठा जोशी ने हेरिटेज वाक में सम्मिलित गणमान्यजनों और आमजनों को लिली चौक, टुरी हटरी बाजार, नागरीदास मन्दिर, जैतूसाव मठ, अखाडा, बावली, हनुमान मन्दिर की स्थापना, नामकरण, ऐतिहासिक महत्व की संक्षिप्त रोचक जानकारी प्राप्त की.

आयुक्त विश्वदीप ने कहा कि किसी भी शहर की समृद्धि का परिचय उस शहर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से सहज प्राप्त होता है. समृद्ध रायपुर शहर में शहर की समृद्धशाली सांस्कृतिक विरासत का अहम योगदान रहा है. इस समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षण देने और नगर के गणमान्यजनों सहित आमजनों को सांस्कृतिक विरासत से परिचित करवाने हेरिटेज वाक का आयोजन राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिशा - निर्देश अनुरूप रायपुर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में नगर निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के माध्यम से किया जा रहा है।

## फास्टैग अनिवार्य होने से वाहन चालकों की बढ़ी मुसीबतें, तीन हजार रुपये देकर वाहन चालक को लालच देकर फसाने का आरोप

### कुम्हारी, मंदिर हसौद, तरपोंगी, सरसींवा एवं पिथौरा में टैक्स को लेकर नाराजगी



**रायपुर ।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं परिवहन विभाग द्वारा राष्ट्रीय राजकृत मार्गों में टोल टैक्स के लिए फापास्टेग का उपयोग अनिवार्य कर दिये जाने से वाहन चालक परेशान है। इस समय प्रत्येक वाहन मालिक को अनिवार्य रूप से फास्टैग का उपयोग करना अनिवार्य कर दिया गया है। शासकीय विभाग के अधिकारियों के अनुसार केंद्र सरकार के परिवहन विभाग के विभिन्न राष्ट्रीयकृत मार्गों में बेहतर परिवहन सुविधा देने के लिए पीपी मॉडल पर फास्टैग का उपयोग करने की छूट ठेकेदार को दे दी है जिसके चलते कंप्यूटराइज सिस्टम के माध्यम से इसकी वसूली की जाती है। प्रत्येक वाहनों का अलग अलग शुल्क लिया जाता है। अधिकारियों के अनुसार प्रति वर्ष तीन हजार रुपये देना प्रत्येक वाहन मालिक को अनिवार्य कर दिया गया है जिसके अनुसार वह प्रत्येक छह माह में दो सौ से अधिक बार आ ज सकता है। इस आशय का बोर्ड प्रत्येक टोल टैक्स पर लगा दिया गया है इसके अलावा वाहन मालिकों को अनिवार्य कर दिया गया है वह टोल टैक्स नाका में यदि अपने फास्टेग का उपयोग नहीं करेंगे। तो यह राशि जब्त हो जाएगी। निर्धारित मापदंड के अनुसार पुराने वाहन मालिकों को इससे काफी परेशानी होती है। पैसा तो जमा कर देते है लेकिन रिफंड करने का कोई प्रावधान नहीं है जिसके चलते वाहन मालिकों का करोड़ों रुपये जमा है वे अपना पैसा निकालने के लिए दर दर भटक रहे हैं। शासकीय अधिकारियों के अनुसार इस समय बिलासपुर मार्ग में तरपोंगी तथा सरसींवा में टोल टैक्स लगा हुआ है जिसके कारण वाहन चालकों को दुबारा टैक्स देना पड़ता है। वाहन चालकों के अनुसार जब सड़क पीपी मॉडल पर बनाई गई थी तब वाहनों की संख्या कम थी अब इसकी संख्या दोगुनी हो गई है। जिसके कारण ठेकेदार लाभ में है। लेकिन वाहन चालक घाटे में है। दुर्ग भिलाई मार्ग में कुम्हारी टोल टैक्स की वसूली की जाती है यहां पर ट्रक दोपहिया वाहन एवं कार सहित अन्य वाहनों से अलग अलग रेट लिया जाता है। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने भले की लोगों को सुविधा दी गई है लेकिन यह सुविधा जी का जंजाल बनते जा रही है। जिससे अब वाहन चालक परेशान काफी है। स्थानीय सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने एक बयान में बताया कि राज्य में टोल टैक्स की वसूली नहीं की जा सकेगी। ज्ञात रहे इसके पहले भिलाई में नेहरू नगर चौक में व्यापक विरोध के कारण बंद कर दिया गया।

## शराब घोटाले में 28 अधिकारियों पर होगा एक्शन, ईओडब्ल्यू जल्द करेगी गिरफ्तार

### प्रदेश के बहुचर्चित 3200 करोड़ रुपए के शराब घोटाले में शामिल



**रायपुर ।** प्रदेश के बहुचर्चित 3200 करोड़ रुपए के शराब घोटाले में शामिल 28 आबकारी अधिकारियों की गिरफ्तारी अब जल्द तय मानी जा रही है। राज्य आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो ने चार्जशीट दाखिल करने और राज्य सरकार द्वारा सभी आरोपितों को निलंबित किए जाने के बाद अब गिरफ्तारी की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इन अधिकारियों ने गिरफ्तारी की आशंका के चलते पिछले महीने विशेष न्यायालय में अग्रिम जमानत की याचिका दायर की थी, जिसमें खुद को निर्दोष बताते हुए पूछताछ में सहयोग देने और स्वास्थ्य संबंधी कारणों का हवाला दिया गया था। हालांकि, अदालत ने सभी की याचिकाएं खारिज कर दी हैं। इसके बाद अब ईओडब्ल्यू जल्द ही गिरफ्तारी कर पूछताछ के लिए कुछ अधिकारियों को रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। इन आबकारी अधिकारियों पर केस दर्ज

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुए शराब घोटाले में ईओडब्ल्यू ने आबकारी अधिकारी प्रमोद नेताम,नीतू नोतानी,एलएस ध्रुव,इकबाल अहमद खान, जनार्दन सिंह कौरव, अरविंद पाटले, दिनकर वासनिक,नोहर ठाकुर,नवीन तोमर,विकास गोस्वामी,रामकृष्ण मिश्रा,मंजूश्री कसेर,विजय सेन,मोहित जायसवाल,गंभीर सिंह नुरूटी, नीतिन खंडुजा, अश्वनी अंनत,अंनत सिंह,सोनल नेताम,गरीब पाल सिंह,सौरभ बक्शी,जेठूराम मंडावी,देवलाल वैद्य, प्रकाश पाल, आशीष कोसम,राजेश जायसवाल समेत अन्य पर केस दर्ज किया है।

**लखमा,चैतन्य,टूटेजा,ढेबर समेत 15 जेल में** इस मामले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा,पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल, सेवानिवृत्त ढ्ढस् अनिल टूटेजा और होटल व्यवसायी अनवर ढेबर समेत 15 लोग पहले से रायपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। ईओडब्ल्यू की जांच में अब तक कुल 70 लोगों को आरोपित बनाया गया है,जिसमें आठ डिस्टलरी संचालक भी शामिल हैं। अन्य संदिग्धों की भूमिका की भी गहन जांच की जा रही है। 28 अधिकारियों की संभावित गिरफ्तारी को लेकर विभागीय और राजनीतिक हलकों में खलबली मची हुई है।

# जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहें, शिकायतों का त्वरित निराकरण कराएं तथा निगम के विकास कार्य में गति लाएं-उद्योग मंत्री

### उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने ली निगम के अधिकारियों की बैठक



**रायपुर।** प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे आमजनता की समस्याओं के प्रति पूर्ण रूप से संवेदनशील रहते हुए उनकी शिकायतों का शीघ्र निराकरण कराएं तथा जनता की अपेक्षाओं, उनकी मांगों व आवश्यकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखकर कार्य करें। श्री देवांगन ने कहा कि वार्ड, बस्ती व शहर के विकास कार्यो में तेजी लाएं, निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें, समयसीमा में कार्यो को पूरा करें एवं जिन कार्यो की निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, उन्हें शीघ्र प्रारंभ कराएं। उन्होने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं।

उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने आज जिला पंचायत कोरबा के सभागार में नगर पालिक निगम कोरबा के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक लेकर वार्ड, बस्ती व शहर के विकास कार्यो की कार्य प्रगति, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन व प्राप्त परिणामों तथा आमजनता की समस्याओं से जुड़े विषयों व उनके निराकरण संबंधी कार्यो की कार्यप्रगति की विस्तार से समीक्षा की। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय व पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन भी उपस्थित थे।

निगम आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के विकास कार्यो, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति एवं निगम से जुड़े विभिन्न कार्यो की वर्तमान कार्यप्रगति की बिन्दुवार जानकारी बैठक में प्रस्तुत की तथा निगम द्वारा किए जा रहे विकास व निर्माण कार्यो की मदवार व जोनवार जानकारी उद्योग मंत्री श्री देवांगन को दी। बैठक के दौरान मंत्री श्री देवांगन ने जिला खनिज न्यास मद, अधोसंरचना मद, 15वे वित्त आयोग मद, प्रभारी मंत्री मद, विधायक मद, मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण मद, राजस्व व आपदा प्रबंधन मद, निगम मद, एन.सी.ए.पी. मद सहित अन्य विभिन्न मदो के अंतर्गत प्रस्तावित, स्वीकृत व प्रगतिरत निर्माण कार्यो की जोनवार जानकारी लेते हुए कार्यो की वर्तमान प्रगति की सघन रूप से समीक्षा की। बैठक के दौरान उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि हमारा संकल्प है कि निगम के सभी 67 वार्डो में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य कराएं जाएं, वार्डो के नागरिकों की मांग व उनकी आवश्यकता को देखते हुए विकास कार्यो के प्रस्ताव तैयार हों एवं वार्डवासियों की समस्याओं को दूर करने की दिशा में पूर्ण इच्छाशक्ति के साथ कार्य किए जाएं। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि शहर विकास के बड़े कार्यो के साथ-साथ वार्ड व बस्तियों में सी.सी. रोड, नाली, स्ट्रीट लाईट, विद्युत विस्तार, पेयजल व्यवस्था, सार्वजनिक शेड, चबूतरा, सामुदायिक भवन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं से जुड़े निर्माण कार्यो पर भी प्राथमिकता के साथ कार्य किए जाएं। मंत्री श्री देवांगन ने निगम के जोन स्तर पर वार्ड पार्षदों के साथ बैठक आयोजित करने तथा वार्डवार विकास व निर्माण कार्यो की समीक्षा, समस्याओं व शिकायतों के निराकरण की दिशा में कार्य किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

# मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने किया 40 घंटे के मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन

### मुख्य न्यायाधिपति श्री न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने किया 40 घंटे के मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर में आज न्यायिक अधिकारियों और अधिवक्ताओं के लिए आयोजित 40 घंटे के व्यापक मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ श्री रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधिपति, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया।इस अवसर पर न्यायमूर्ति श्री संजय के अग्रवाल, न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा न्यायमूर्ति पार्थ प्रतीम साहू, न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं अध्यक्ष, मध्यस्थता केंद्र निगरानी समिति भी गरिमामयी रूप से उपस्थित रहे।मुख्य न्यायाधिपति श्री सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मध्यस्थता विवादों के त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान का प्रभावी माध्यम है। यह न केवल न्यायालयों के बोझ को कम करता है बल्कि पक्षकारों को संतोषजनक परिणाम भी प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में अब तक 709 मामलों का सफल निपटारा मध्यस्थता के माध्यम से किया जा चुका है, जो इसकी बढ़ती स्वीकार्यता और प्रभावशीलता को दर्शाता है।उन्होंने यह भी कहा कि 40 घंटे का यह प्रशिक्षण कार्यक्रम, मध्यस्थता की प्रक्रिया, नैतिकता और व्यावहारिक पक्षों की गहन समझ प्रदान करेगा। इसमें प्रतिभागियों को वास्तविक मामलों का अध्ययन एवं भूमिका निर्वहन का अभ्यास कराया जाएगा, जिससे उनकी दक्षता में वृद्धि होगी। उद्घाटन सत्र में न्यायमूर्ति अरविंद कुमार ओझा, न्यायमूर्ति भूपेन्द्र सिंह चौहान, न्यायमूर्ति वर्मेंद्र फड़नीस, अधिवक्ता परिषद मध्यप्रदेश के अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल भारत, मध्यस्थता प्रशिक्षक श्रीमती गिरीजाकला सिंह एवं श्रीमती नीलम खरे सहित बड़ी संख्या में न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, रजिस्ट्रार जनरल और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 4 सूत्रीय मांगों को लेकर अनुदेशकों ने सौंपा ज्ञापन, सहायक शिक्षक में पद मर्ज करने व टीईटी शिथिलीकरण की मांग

**जगदलपुर ।** बस्तर के नक्सल प्रभावित जिले दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर के अनुदेशक संघ की दंतेवाड़ा इकाई ने कलेक्टर को टीईटी शिथिलीकरण और उनके पदों को सहायक शिक्षक में मर्ज करने के संबंध में 4 बिंदुओं में एक निवेदन पत्र दिया है, ताकि उनकी मांग राज्य स्तर तक पहुँच सके। पत्र के माध्यम से संघ ने कहा है कि वे विगत 15 सालों से अनुदेशक शैक्षणिक कार्य समग्र शिक्षा अंतर्गत पोटाकेबिनो में मौखिक आदेशो के आधार पर काम कर रहे हैं। बस्तर के पिछड़े और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ने हेतु राज्य सरकार के शैक्षणिक प्रतिशत को बढ़ाने और बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका लगातार निभा रहे हैं। पत्र में मांग की गई है कि अनुदेशकों को सहायक शिक्षक की पात्रता मिले तथा 15 वर्षो के अनुभव और डीएलएड के आधार पर टीईटी को शिथिलीकरण कर स्थानीय भर्ती के आधार पर बस्तर विकास प्राधिकरण से भर्ती की मांग की है। मौखिक आदेश की जगह लिखित आदेश विभाग दे और अनुदेशकों को पार्ट टाइम शिक्षक की जगह पूर्णकालिक शिक्षक माने, बस्तर संभाग में 5 हजार शिक्षक भर्ती में अनुदेशकों को प्राथमिकता मिले। साथ पोटाकेबिन के सेटअप में भी सुधार किया जाये।

15 सालों से न्यूनतम वेतन पर काम कर रहे अनुदेशक

उल्लेखनीय है कि बस्तर के नक्सल प्रभावित जिले दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर में अस्थाई बांस के घरों में नक्सलियों से पलायन आदिवासियों के बच्चों को रखकर सरकार ने शिक्षित करने के लिये आवासीय व्यवस्था बनाई, जिसे नाम दिया पोटाकेबिन। इन पोटाकेबिनो में क्षेत्रीय पढ़े-लिखे युवा-युवतियों को बतौर अनुदेशक के पद पर समग्र शिक्षा मिशन के तहत रखकर शिक्षा का उजियारा फैलाने का जिम्मा सौपा गया। यह सिलसिला तब से लेकर आज 15 वर्ष बीतने के बाद भी लगातार चला आ रहा है। इसमें सेवाएं देने वाले अनुदेशक नाममात्र की छोटी सी तनख्वाह में लगातार आवासीय पोटाकेबिनो में रहकर अपनी सेवाएं बतौर शिक्षक दे रहे हैं, पर इन्ही अनुदेशकों की वेतनवृद्धि हो या टीईटी शिथिलीकरण की मांग, जिसे लगातार लंबे वक्त से अनदेखा किया जा रहा है।

# राज्य के सबसे बड़े अस्पताल को मिलेगा नया स्वरूप : स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी

**रायपुर।** स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज नया रायपुर स्थित मंत्रालय में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और राज्य की निर्माण एजेंसियों के साथ बैठक कर डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति अस्पताल के जीर्णोद्धार, नए निर्माण कार्य और 700 बेड के एकीकृत अस्पताल के निर्माण पर विस्तृत चर्चा की।

बैठक में मंत्री श्री जायसवाल ने क्षेत्रीय कैंसर संस्थान, चिकित्सा छात्रों के हॉस्टल और सिकल सेल संस्थान के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को नई गति मिलेगी।इसके साथ ही, अस्पताल के फायर फाइटिंग सिस्टम के निर्माण और सुधार कार्यों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अधिकारियों को सुरक्षा और आपातकालीन



प्रबंधन के मद्देनजर आवश्यक कदम तुरंत उठाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग राज्य के सबसे बड़े अस्पताल को जल्द ही एक नए और आधुनिक स्वरूप में सामने लाने के लिए प्रतिबद्ध है।बैठक में स्वास्थ्य सचिव श्री अमित कटारिया, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा श्रीमती शिखा राजपूत, सीजीएमएससी प्रबंध संचालक श्री रितेश अग्रवाल, मेडिकल कॉलेज रायपुर के डीन डॉ विवेक चौधरी, चिकित्सा अधीक्षक डॉ संतोष सोनकर, लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### हैदराबाद में आयोजित अबेकस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में रायपुर के विराज जंघेल ने 4था स्थान प्राप्त किया

**रायपुर,** चैंपियन स्पर्धा 2025 आयोजित प्रतियोगिता में ज्ञान गंगा स्कूल रायपुर में 8 वी कक्षा में अध्ययनरत छ्रक्स अकेडमी चौबे कॉलोनी के विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में 4 था स्थान प्राप्त कर रायपुर छत्तीसगढ़ का नाम रौशन किया। विराज जंघेल के पिता श्री सचिन जंगल ने बताया कि यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन 16 अगस्त को हैदराबाद के जी.एम.सी बालयोगी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स गच्छीबोवली में आयोजित की गई थी। जिसमें लगभग पूरे भारत देश से लगभग 20 हजार के ऊपर बच्चों ने जो UCMAS अबेकस की पढ़ाई कर रहे है।

### गैर इरादतन हत्या के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर ।** ज़िले के तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छतोद खार में करंट से हुई एक व्यक्ति की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना 11 अगस्त 2025 की है, जब किसी अज्ञात व्यक्ति ने खेत की मेढ़ में करंट युक्त खुला बिजली का तार बिछाया था। यह तार जीव-जंतुओं को मारने के उद्देश्य से लगाया गया था, लेकिन इसकी चपेट में आने से केंवतरा निवासी ओमप्रकाश वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मर्ग कायम कर जांच शुरू की और अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 357/2025 धारा 105, 238(ख), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) श्री वीरेंद्र चतुर्वेदी तथा थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर रायपुर जिले में किया जा रहा डिजिटल क्रॉप सर्वे

### किसानों को अब आसानी से बीमा एवं अन्य योजनाओं का मिलेगा लाभ

### कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर रायपुर जिले में सभी तहसीलों में डिजिटलक्रॉप सर्वे किया जा रहा है। 15 अगस्त से शुरू हुआ यह सर्वे 30 सितम्बर तक चलेगा। डिजिटल का सर्वे का मुख्य उद्देश्य किसानों की वास्तविक फसल स्थिति का आकलन कर उन्हें राज्य एवं केंद्र शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाना है। इसके अलावा डिजिटल क्रॉप सर्वे किसानों की समृद्धि और पारदर्शिता की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे खेती को नई तकनीक से जोड़कर किसानों की आय बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर अपर कलेक्टर सुश्री नम्रता जैन ने मोहंदी, अपर कलेक्टर राठौर ने मेहरसखा में, इसी प्रकार अपर कलेक्टर श्री नवीन ठाकुर ने मंगसा, एसडीएम नंदकिशोर चौबे ने ग्राम नकटी में,



एसडीएम रवि सिंह ने छाटा, एसडीएम आशुतोष देवांगन ने ग्राम अडसेना, अभिलाष पैकरा ने छतौना में डिजिटल फसल सर्वे का निरीक्षण किया। इसी प्रकार तहसीलदारों ने अपने प्रभार क्षेत्र के ग्रामों का निरीक्षण किया।

उल्लेखनीय है कि डिजिटल क्रॉप सर्वे फिल्ड स्तर पर सर्वेयर के माध्यम से किया जा रहा है जिसमें सर्वेयर को स्वयं खेत में जाकर वहां की स्थिति और फसल का विवरण एग्रीटेक एप्प में दर्ज करना होता है। साथ में फ़ोटो अपलोड करना होता है जिसके सत्यापन बाद में पटवारी एवं वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा किया जाएगा इससे फसल का वास्तविक मूल्यांकन किया जा सकेगा और जमीन की जो परिसम्मति है उनके संबंध में सही जानकारी प्राप्त होगी। डिजिटल क्रॉप सर्वे से किसानों को कई प्रकार के लाभ प्राप्त होंगे। फसल बीमा योजना एवं क्षति आकलन पारदर्शी और वैज्ञानिक तरीके से किया जा सकेगा। पात्र किसानों को कृषि योजनाओं का लाभ शीघ्रता से मिल सकेगा। इस सर्वे से फसल उत्पादन का अत्याधुनिक डेटा तैयार होगा, जिससे आगामी धान खरीदी व्यवस्था एवं कृषि नीति और अधिक प्रभावी बनाई जा सकेगी। साथ ही किसानों को समय पर तकनीकी मार्गदर्शन एवं आर्थिक सहयोग भी उपलब्ध हो सकेगा।

### स्वदेशी जागरण मंच ने जलाई विदेशी वस्तुओं की होली

**जगदलपुर।** स्वदेशी जागरण मंच जिला नारायणपुर के द्वारा जय स्तंभ चौक पर स्वदेशी वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया गया, इसके तहत स्वदेशी वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग अपनी दैनिक दिनचर्या पर एवं विदेशी वस्तुओं का कम से कम उपयोग करने की बात कही गई। आत्मनिर्भर भारत के तहत भारतीय उत्पाद को अधिक से अधिक खरीदने एवं भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था करने के लिए स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए, जिससे कि भारतीय अर्थव्यवस्था सुधरेगी और विकास के कार्य तीव्र गति से होंगे। विदेशी कंपनियों के द्वारा भारत के पैसे से कमाई कर विदेशों में अपने देश को समृद्धि किया जाता है और इसका नुकसान स्वदेशी उत्पादों को होता है, इसलिए अधिक से अधिक स्वदेशी मिले बन गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित हुए एवं विदेशी वस्तुओं की होली जलाई गई। इस कार्यक्रम में नवीन जैन कमलापति मिश्रा सूर्यपाल दुबे प्रवीण जैन अभिषेक झा विजय राज मिश्रा छ्रु पटेल नमन कुमार साहनी देवेंद्र सिंह ठाकुर उमेश ताम्रकार उमेश यादव उमेश नेताम विक्रम यादव सनातन देवांगन सचिन जैन भाव विकास मरकाम एवं स्वदेशी जागरण के मंच के कार्य करता है एवं नागरिक उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ में नशीली दवाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, औषधि प्रतिष्ठानों में निरीक्षण जारी

**रायपुर।** स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देशन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ के औषधि निरीक्षकों की टीम द्वारा प्रदेश स्तर पर प्रावधानों के उल्लंघन करने वाले व्यापारियों तथा नशीली दवाइयों के अवैध व्यापार में संलिप्त नशे के सौदागरों के विरुद्ध सघन छापा मार कार्यवाही की गयी है।

विभाग द्वारा नशे के व्यापार में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाहियां की जा रही है। इसी कड़ी में पटना पुलिस जिला कोरिया एवं खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला कोरिया की संयुक्त टीम के द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर मांजा मोड़ कुडेली के पास घेराबंदी कर एक आरोपी के कब्जे से 15 स्ट्रिप कुल 120 नग स्पासमों प्रोक्सीवोन प्लस कैप्सूल बरामद किया गया। आरोपी पर एन डी पी एस एक्ट 1985 की धारा 22 के तहत अपराधिक प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

राज्य के आमजनों को उच्च गुणवत्तायुक्त औषधियां उपलब्ध हो सके इस हेतु राज्य के औषधि निरीक्षकों के द्वारा प्रदेश के औषधि प्रतिष्ठानों में लगातार निरीक्षण किया जा रहा है और प्रावधानों के उल्लंघन पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाहियां की



जा रही है।

इसी कड़ी में विभाग द्वारा पिछले एक हफ्ते में कुल 163 औषधि प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया जिसमे से 06 फर्मों श्री राम मेडिकल स्टोर्स कांकेर, यदु मेडिकल स्टोर्स नरहरपुर, साहू मेडिकल स्टोर्स चारामा, जैस्मिन मेडिकल पलारी, चंद्राकर मेडिकल सोते खैरागढ़, सद्?गुरु मेडिकल स्टोर्स खैरागढ़ में अनियमितता पाए जाने पर प्रशासनिक कार्यवाही हेतु अनुज्ञापन प्राधिकारी को प्रेषित किया गया है। उक्त निरीक्षण किये गए फर्मों में से कुल 19 फर्मों में CCTV कैमरा इंस्टॉल नहीं पाया गया, जिन्हे 7 दिवस के भीतर कैमरा इंस्टॉल करवाने हेतु निर्देशित किया गया। राज्य में औषधियों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने हेतु विभाग के औषधि निरीक्षको के द्वारा जाँच हेतु नियमित नमूना संग्रहण किया जा रहा है। इसी कड़ी में पिछले एक हफ्ते में कुल 35 औषधियों का विधिक नमूना संकलन किया गया एवं जाँच हेतु राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया। राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर के द्वारा कुल 19 औषधि नमूनों का जाँच किया गया। उक्त समस्त औषधि को राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी रायपुर के द्वारा मानक स्तर का घोषित किया गया है।इसी तरह विभाग द्वारा कुल 03 ब्लड सेंटर्स और 01 निर्माण इकाई का निरीक्षण किया गया। सृष्टि ब्लड सेण्टर रायपुर एवं बिलासा ब्लड सेण्टर कोरबा का मुंबई से आये सीडीएससीओ के अधिकारियो के साथ नवीनीकरण हेतु निरीक्षण किया गया तथा सराईपाली में नवीन लाइसेंस जारी करने हेतु शुभा ब्लड सेण्टर का निरीक्षण किया गया। इसी कड़ी में चाम्पा स्थित ऑक्सीजन निर्माता फ र्म साकेत ऑक्सीजन का निरिक्षण किया गया एवं आगामी कार्यवाही हेतु रिपोर्ट मुख्यालय प्रेषित किया गया।राज्य के युवा पीढ़ी को तम्बाखू एवं अन्य पान मसाला के नशे से बचाने हेतु कोटपा एक्ट के तहत विभाग द्वारा राज्य में निरंतर सघन अभियान चलाया जा रहा है, इसी कड़ी में इस हफ्ते कुल 132 चालानी कार्यवाही करते हुए कुल 14 हजार 480 रुपए वसूल किये गए।राज्य में आमजनों को जीवन रक्षक औषधियां सरकार द्वारा तय दाम में उपलब्ध हो सके इस उद्देश्य से विभाग के अंतर्गत संचालित पीएमआरयू यूनिट के द्वारा राज्य के औषधि प्रतिष्ठानों में नियमित निरीक्षण किया जाता है और तय दाम से अधिक में विक्रय हो रहे औषधियों के नमूना संकलन कर नियमानुसार कार्यवाही की जाती है। इसी कड़ी मे पीएमआरयू युनिट के द्वारा कुल 10 फर्मों में निरीक्षण कर कुल 04 औषधियों इटरारेंज टेबलेट बैच नंबर छ्र4017 निर्माता सैमसन लैबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड सोलन (हिमाचल प्रदेश), इटरारेंज टेबलेट बैच नंबर छ्र40155 निर्माता सैमसन लैबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड सोलन (हिमाचल प्रदेश), वेरजिम 50 टेबलेट बैच नंबर 1क्क्रा-413 टिकोमा फार्मासिया जिला मोहाली (पंजाब), इट्राहील 200 टेबलेट बैच नंबर SPC-1261 शीन फार्मास्यूटिकल जालन्धर (पंजाब) को तय दाम से अधिक मूल्य में विकय होते हुये पाया गया जिसमे प्रकरण तैयार कर नेशनल फार्मास्यूटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी नई दिल्ली को अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया है। यह औषधियां फंगस और बैक्टीरिया जनित रोगो के इलाज में उपयोग किया जाता है।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की मिसाल बनीं



**रायपुर।** देश को स्वच्छ, किफायती और नवीकरणीय ऊर्जा की ओर अग्रसर करने वाली केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आम जनता के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। इस योजना के तहत गौरेला शहर के सुंदर नगर निवासी श्रीमती सुनीता लाल ने अपने घर पर सौर ऊर्जा को अपनाकर न सिर्फ आर्थिक बचत की है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सुनीता लाल ने योजना के तहत अपने मकान की छत पर 2 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल स्थापित करवाया है, इसके लिए उन्हें केंद्र सरकार से 30 हजार रूपये की सब्सिडी प्राप्त हुई। सौर संयत्र लगने से उनका बिजली बिल शून्य हो गया है। सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाकर सुनीता न केवल अपनी घरेलू जरूरतों की बिजली खुद पैदा कर रही हैं, बल्कि अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजकर क्रेडिट भी अर्जित कर रही हैं। इससे उन्हें आर्थिक, मानसिक और सामाजिक स्तर पर राहत मिली है। इस पहल से प्रेरित होकर सुनीता ने अन्य नागरिकों से भी अपील की है कि वे प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं और अपने घर को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाएं।

संपादकीय

# ट्रंप की दादागिरी का माकूल जवाब देता भारत

ट्रंप की दादागिरी भरे रवैये का जवाब भारत दे रहा है ये मोदी का नया भारत है। भारत और अमेरिका के बीच दरार चौड़ी हो जाए, तो चीन के लिए यह अच्छी स्थिति होगी। यह अमेरिका की चीन को घेरने की रणनीति के लिए एक झटका होगा, जिसे स्वरूप देने में गुजरे डेढ़ दशक में अमेरिका ने अपनी काफी ऊर्जा लगाई है। तो खबर है कि चीन ने भारत को उर्वरकों के निर्यात रोकने की नीति में ढिलाई दे दी है और कथित रबर डंपिंग के मामले में भारत के खिलाफ जांच रोक दी है। इधर भारत ने दोनों देशों के बीच सीधी विमान सेवा शुरू करने का ठोस संकेत दिया है। इसी बीच खबर आई है कि चीन के विदेश मंत्री वांग यी 18 अगस्त को भारत आएंगे। वांग सीमा विवाद पर वार्ता के लिए चीन के विशेष प्रतिनिधि भी हैं। नई दिल्ली में भारत के विशेष प्रतिनिधि अजित डोवल से उनकी बातचीत होगी। साथ ही एलान हुआ है कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर 21 अगस्त को मास्को जाएंगे।



## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चीन यात्रा

**हरिशंकर व्यास**

खबर है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन जा रहे है। 31 अगस्त से 1 सितंबर 2025 के बीच तियानजिन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में शायद भाग ले। सन् 2020 में गालवान घाटी में चीन की दादागिरी के बाद उनकी यह पहली चीन यात्रा होगी। और क्या गजब है जो भारत पर ट्रंप के टैरिफ की घोषणा के बाद भारत में चीन के राजदूत झू फेइहोंग ने ट्रंप को धौंस जमाने वाला (बुली) कहा और बिना किसी का नाम लिए एक्स पर लिखा-अगर आप एक बुली को एक इंच देंगे, तो वह एक मील ले लेगा। यह भी बताया कि चीन के विदेश मंत्री वांग यी और ब्राज़ील के राष्ट्रपति के मुख्य सलाहकार के बीच बातचीत हुई है।

उधर अजित डोवाल रूस गए और फिर खबर थी कि राष्ट्रपति पुतिन साल के आखिर में भारत यात्रा पर आएगें। ध्यान रहे ट्रंप से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने शी जिन पिंग के साथ ही झूला झूला था और राष्ट्रपति पुतिन के वे वैसे ही सखा था जैसे बाद में डोनाल्ड़ ट्रंप के हुए।

अब ट्रंप बिगडे है तो प्रधानमंत्री को वे पुतिन और शी जिन पिंग याद आए है जो पूरी दुनिया के लिए फिलहाल नंबर एक युद्ध अपराधी तथा विश्व की आर्थिकी को खाने वाला ड्रेगन है। सबसे गंभीर बात कि घंटे-आधे घंटे के जिस 'आपरेशन सिंदूर' में भारत के लडाकू विमानों को नुकसान हुआ वह पाकिस्तानी सेना के साथ चीन की सेना के प्रत्यक्ष-परोक्ष साझे से था। तब रूस ने भी भारत के लिए एक शब्द नहीं बोला था। लेकिन इन दो नेताओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी फिर से झूला झूल कर ट्रंप को अपना रूतबा बताएंगे।

सवाल है विश्व राजनीति के तड़ीपार पुतिन की दिल्ली में मेजबानी और शी जिन पिंग की मेहमानवाजी भोगने से क्या भारत की शान बढ़ेगी? क्या चीन-रूस अब भारत से वह निर्यात खरीद लेंगे जो अमेरिका खरीदता है? इससे भी अंहम सवाल है कि क्या मोदी सरकार को गलवान से आपरेशन सिंदूर तक के अनुभवों में इतना भी समझ नहीं आया कि चीन का हर व्यवहार भारत से दुश्मनी का है। जबकि वह पाकिस्तान का सरपरस्त ही नहीं है बल्कि उसके भारत विरोधी सैन्य ऑपरेशन में साझेदार भी था। उधर चीन अब रूस का भी वैसे ही सरपरस्त है जैसे पाकिस्तान का है। दक्षिण एसिया, पूरे एसिया का बुली (गुंडा-दादा) चीन है या अमेरिका? भारत को पहले धंधे, टैरिफ की चिंता करनी चाहिए या सीमा की सुरक्षा, सामरिक, भूराजनैतिक हितों की? क्या प्रधानमंत्री दफ्तर, विदेश मंत्रालय, अजित डोवाल के दफ्तर में इतनी भी मेमोरी नहीं है जो ध्यान रहे कि इसी मई के महिने में ही पाकिस्तान ने चीनी लडाकू विमान, चीन की मिसाइल, सेटेलाइट इमेज के बेकअप से भारत की सेना को जवाब दिया। चीन के सैन्य अधिकारी, मंत्री इस्लामाबाद में बैठे रहे। और रूस याकि पुतिन ने उस दौरान एक भी ऐसा संकेत नहीं दिया जिससे भारत की हिम्मत बंधे। कोई न माने मेरा मानना है कि रूस और पाकिस्तान दोनों अब चीन के नेता शी जिन पिंग के वफादार पठ्ठे है। चीन ने ही जनरल मुनीर को ट्रंप के यहां कूटनीति का रोडमैप दिया हुआ होगा। फिलहाल पाकिस्तान, कतर, चीन सभी चाहते है कि हाल के दशकों में उभरते भारत, भीड की बाजार ताकत वाले भारत से विश्व राजनीति में भारत की बनी पहचान जैसे भी हो पंचर हो। यदि ट्रंप ने भारत को रूस से नत्थी कर, उस जैसी डेड इकॉनोमी वाला देश करार दिया तो वह पाकिस्तान, चीन के लिए क्या राजनैतिक-सामरिक-आर्थिक तौर पर फायदेमंद नहीं होगा?

**यह निजी विचार है।**

# विकसित भारत के लिए मोदी का सुधारों का ब्रह्मास्त्र



**हरदीप एस पुरी**

केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री



**मुझे अपने स्कूल के दिनों से ही 15 अगस्त के भाषणों में भाग लेने का सौभाग्य प्राप्त होता रहा है, लेकिन शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी का 12वें स्वतंत्रता दिवस का भाषण अभूतपूर्व और असाधारण था। इसमें विकसित भारत के पथ पर भारत की गति बढ़ाने के दिशा में सीधे तौर पर लक्षित-ब्रह्मास्त्र- अर्जुन का अकाट्य पौराणिक अस्त्र - छोड़ा गया।**

वैश्विक अर्थव्यवस्था में व्याप्त असामान्य उथल-पुथल के दौर के बीच, विकसित भारत का सपना संजोए भारत सबसे तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में निरंतर आगे बढ़ना जारी रखे हुए है। यह भाषण केवल अपनी व्यापकता के लिए ही नहीं, बल्कि अपने दायरे– साहसिक, भविष्योन्मुखी और 1.4 बिलियन लोगों के भाग्य को नया आकार देने में सक्षम अगली पीढ़ी के सुधारों –और उस विजन के प्रति स्पष्टता के लिए भी उल्लेखनीय है, जिसका यह राष्ट्र इससे पहले कभी साक्षी नहीं रहा।

उदाहरण के लिए, डिजिटल इंडिया स्टैक को ही लें, यूपीआई दुनिया के आधे रीयल-टाइम लेनदेन के लिए उत्तरदायी है और साल के अंत तक होने वाला, पहली मेड-इन-इंडिया चिप का लॉन्च, वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था में भारत की अग्रणी स्थिति को दर्शाता है। ऐसे समय में जब राष्ट्रों की नियति सेमीकंडक्टर निर्धारित करते हैं, महत्वपूर्ण तकनीकों पर संप्रभुता का भारत का यह दावा किसी डिजिटल स्वराज से कम नहीं है।

ऊर्जा सुरक्षा लंबे समय से भारत के विकास की राह की सबसे बड़ी कमज़ोरी रही है। दशकों तक, झिझक और ÷नो गो÷ क्षेत्रों ने अन्वेषण को बाधित किया और आयात पर निर्भरता बढ़ा दी। वह दौर अब बीत चुका है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत ने ईईजेड में ÷नो गो÷ क्षेत्रों को लगभग 99त्न तक कम कर दिया है, जिससे 10 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र ईएंडपी के लिए मुक्त हो गया है। ओएएलपी के साथ, इसने भारतीय और वैश्विक दिग्गजों, दोनों के लिए समान रूप से एक विशाल क्षेत्र खोल दिया है–हमारे हाइड्रोकार्बन बेसिन अब निष्क्रिय नहीं रहेंगे, बल्कि राष्ट्रीय प्रगति के लिए उपयोग में लाए जाएँगे।

लाल किले की प्राचीर से घोषित ऐतिहासिक राष्ट्रीय गहरे जल अन्वेषण मिशन, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में एक महत्वाकांक्षी दूरदर्शी एजेंडा निर्धारित करता है। इस मिशन का लक्ष्य लगभग 40 वाइल्डकैट कुओं की ड्रिलिंग के माध्यम से 600-1200 मिलियन मीट्रिक टन तेल और गैस भंडारों का पता लगाना है। पहली बार, बंगाल की खाड़ी से लेकर अरब सागर तक भारत अपनी जटिल अपतटीय सीमाओं को व्यवस्थित रूप से खोलेगा, एक ऐसे ढाँचे के साथ जो सूखे कुओं की स्थिति में 80 प्रतिशत तक और व्यावसायिक खोज पर 40 प्रतिशत तक लागत की वसूली की अनुमति देकर निवेश के जोखिम को कम करता है।

यह पहल एक व्यापक योजना का हिस्सा है, जिसके तहत 2032 तक घरेलू तेल और गैस उत्पादन को तिगुना बढ़ाकर 85 मिलियन टन और राष्ट्रीय भंडार को दोगुना करके एक से दो बिलियन टन के बीच किया जा सकता है। लगभग 8 मिलियन टन उत्पादन के बराबर, अतिरिक्त 100-250 बिलियन क्यूबिक मीटर गैस उपलब्ध कराने के लिए प्लग-एंड-प्ले आधार पर अपतटीय साझा बुनियादी ढाँचा बनाया जाएगा। ये सभी उपाय न केवल पहले से अटकी हुई खोजों का मुद्रीकरण करेंगे, बल्कि एक आत्मनिर्भर ईएंडपी इकोसिस्टम का निर्माण भी करेंगे, जहाँ स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं की हिस्सेदारी आज के 25-30 प्रतिशत से बढ़कर 70 प्रतिशत से अधिक हो जाएगी। यह आज़ादी के बाद से भारत का सबसे व्यापक अपस्ट्रीम सुधार है।

साथ ही, ऊर्जा परिवर्तन के क्षेत्र में भारत वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनकर उभरा है। भारत 2030 के लक्ष्य से पाँच साल पहले ही 2025 तक 50त्न स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्य तक पहुँच गया है। जैव ईंधन और हरित हाइड्रोजन प्रायोगिक स्तर से उत्पादन की ओर बढ़ रहे हैं; इथेनॉल मिश्रण और सीबीजी स्केल-अप एक नए ग्रामीण-औद्योगिक आधार का निर्माण कर रहे हैं; एलएनजी के बुनियादी ढाँचे का विस्तार जारी है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि असैन्य परमाणु ऊर्जा को निजी भागीदारी के लिए खोल दिया गया है। वर्तमान में, 10 नए परमाणु रिएक्टर चालू हैं, और भारत का लक्ष्य अपनी स्वतंत्रता के 100वें वर्ष तक अपनी परमाणु ऊर्जा क्षमता को दस गुना बढ़ाना है। यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य 2047 तक ऊर्जा स्वतंत्रता प्राप्त करने की भव्य योजना का हिस्सा है।

प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन की घोषणा हमारी औद्योगिक रणनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। ऐसे समय में जब दुनिया लिथियम, दुर्लभ मृदा तत्व , निकल और कोबाल्ट के सामरिक महत्व को पहचान रही है, भारत ने 1,200 से अधिक स्थलों पर अन्वेषण शुरू किया है और साझेदारी, प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण का ढाँचा तैयार कर रहा है ताकि नवीकरणीय ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, ईवी और उन्नत रक्षा क्षेत्र कभी भी बाहरी अवरोधों के अधीन न रहें।

राष्ट्रीय सुरक्षा लाल किला चार्टर का एक अन्य स्तंभ था। ऑपरेशन सिंदूर ने परमाणु ब्लैकमेल के युग का अंत करते हुए वास्तविक समय में भारत की सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया और यह संदेश दिया कि आक्रमण का जवाब तेज़ी और कुशलता से दिया जाएगा। सिंधु जल संधि को स्थगित करना संप्रभुता का साहसिक दावा है। सबसे बढ़कर, मिशन सुदर्शन चक्र का अनावरण, युद्धभूमि में भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन की रक्षा से प्रेरित है, जो मोदी की शैली– सभ्यतागत प्रतीकवाद के अत्याधुनिक तकनीक से मेल का प्रतीक है।

एक बहुस्तरीय स्वदेशी सुरक्षा कवच भारत के महत्वपूर्ण संस्थानों की साइबर, भौतिक और हाइब्रिड खतरों से रक्षा करेगा। प्रधानमंत्री ने हमारे लड़ाकू विमानों को शक्ति प्रदान करने वाले इंजनों के डिज़ाइन और निर्माण के लिए एक राष्ट्रीय चुनौती जारी की है, और वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और संस्थानों से संयोजन या असेंबली से ऑथरशिप तक की छलांग लगाने का आह्वान किया है।

प्रधानमंत्री ने कठोर सत्यों से भी परहेज नहीं किया। उन्होंने उद्योग जगत और किसानों से आत्मनिर्भरता अपनाने और उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने का आग्रह किया। हालाँकि भारत दुनिया की फार्मेसी है, जो वैश्विक टीकों का 60त्न का उत्पादन करता है, अब इसे नई दवाओं, टीकों और उपकरणों के क्षेत्र में भी अग्रणी बनने की दिशा में अग्रसर होना चाहिए। यह बायोई3 नीति के तहत बायोफार्मा को निर्णायक बल देने के साथ-साथ है, जहाँ हमारी महत्वाकांक्षा ऐसी दवाओं का पेटेंट और उत्पादन करना है जो किफायती और विश्वस्तरीय दोनों हों।

घोषित किए गए कर और कानूनी सुधार भी उतने ही साहसिक हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि 1961 का आयकर अधिनियम, जो स्वयं उस युग का अवशेष है, अब बदला जा रहा है। नया आयकर विधेयक जटिलता को कम कर रहा है, 280 अनावश्यक धाराओं को समाप्त कर रहा है और 12 लाख रुपये तक की राहत प्रदान कर रहा है। फेसलेस मूल्यांकन की शुरुआत ने प्रणाली को पारदर्शी, कुशल और भ्रष्टाचार-मुक्त बना दिया है।

दिवाली तक लॉन्च किया जाने वाला अगली पीढ़ी का जीएसटी 2.0, दरों को और अधिक तर्कसंगत बनाएगा और अनुपालन को बढ़ावा देगा। 40,000 से ज़्यादा अनावश्यक अनुपालनों को समाप्त करने, 1,500 से ज़्यादा पुराने कानूनों को निरस्त करने और दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता के साथ, यह नेहरू के आर्थिक पिंजरे को तोड़ने जैसा है। ये सुधार केवल बैलेंस शीट में ही नहीं, बल्कि जीवन में भी सुधार लाते हैं। 25 करोड़ से ज़्यादा लाभार्थियों तक पहुँचकर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण - ने कल्याण में जवाबदेही को अंतर्निहित किया है और 25 करोड़ से ज़्यादा भारतीयों को गरीबी से बाहर निकाला है।

रोज़गार पर फोकस को भी केंद्र में लाया गया है। पीएम विकसित भारत रोज़गार योजना 1 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ लॉन्च की गई है; नए रोज़गार पाने वाले युवाओं को 15,000 रुपये प्रति माह मिलेंगे, नए रोज़गार के अवसरों का सृजन करने वाली कंपनियों को प्रोत्साहन दिया जाएगा, और इस कार्यक्रम का लक्ष्य लगभग 3.5 करोड़ युवा भारतीयों तक पहुँचना है।

महत्वाकांक्षा को वास्तविकता में बदलने के लिए प्रधानमंत्री ने अगली पीढ़ी के सुधारों के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया है–इस निकाय को आर्थिक गतिविधियों के पूरे इकोसिस्टम को नया रूप देने के लिए बनाया गया है। इसका अधिदेश जितना साहसिक है, उतना ही लंबे अर्से से अपेक्षित भी है: हमारे स्टार्टअप्स और एमएसएमई पर बोझ डालने वाली अनुपालन लागत में कटौती करना, उद्यमों को निरंतर मनमानी कार्रवाई की छाया में रहने से छुटकारा दिलाना, तथा जटिल कानूनों को सरल, पूर्वानुमानित और व्यवस्थित ढांचे में ढालना।

15 अगस्त को घोषित सुधार, केवल अगले दिन की सुर्खियों के लिए नहीं, बल्कि 2047 के भारत से संबंधित हैं। जैसा कि प्रधानमंत्री ने हमें याद दिलाया, दुनिया एक प्राचीन सभ्यता को - अपनी जड़ों को त्यागकर नहीं, बल्कि उनसे शक्ति प्राप्त करके आधुनिक शक्ति में तब्दील होते हुए देख रही है।

**लोकशक्ति।**

# असली अवसरवादी राजनीति

**अजीत द्विवेदी**



तेलंगाना की मुख्य विपक्षी पार्टी भारत राष्ट्र समिति के 10 विधायकों के पाला बदल कर कांग्रेस में जाने के मामले में विधानसभा के स्पीकर के सुप्रीम कोर्ट ने सख्त निर्देश दिया है। सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि स्पीकर इन विधायकों की अयोग्यता के मामले में तीन महीने के अंदर फैसला करें। असल में इस मामले के एक साल से ज्यादा हो गए हैं। नवंबर 2023 में तेलंगाना में विधानसभा चुनाव हुए थे और कांग्रेस पार्टी ने अपने दम पर पूर्ण बहुमत हासिल किया था। चुनाव के थोड़े दिन के बाद मुख्य विपक्षी पार्टी भारत राष्ट्र समिति के विधायकों के टूट कर कांग्रेस में शामिल होने का सिलसिला शुरू हुआ। यह कोई नई बात नहीं है। अवसरवादी राजनीति के लिए उत्तर भारत की हिंदी पट्टी को बेवजह बदनाम किया जाता है।

असली अवसरवादी राजनीति तो दक्षिण के राज्यों में देखने को मिलती है। 2023 से पहले 10 साल तक बीआरएस का राज था तो कांग्रेस के दर्जनों बड़े नेता पाला बदल कर उसके साथ चले गए थे और अब कांग्रेस का राज आया तो उसी अनुपात में बीआरएस के नेता पाला बदल कर कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। बहरहाल, अवसरवादी राजनीति एक अलग मसला है।

अभी तात्कालिक मसला यह है कि बीआरएस छोड़ कर 10 विधायक कांग्रेस में शामिल हुए तो दलबदल विरोधी कानून के आधार पर क्यों नहीं उनकी सदस्यता समाप्त होनी चाहिए? इसमें कोई रॉकेट साइंस नहीं है। 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 64 सीटें मिली थीं और बीआरएस को हिस्से में 39 सीटें आई थीं। दलबदल विरोधी कानून के तहत बीआरएस के टूटने के लिए कम से कम 26 विधायकों का एक साथ आना जरूरी है। अगर उससे कम विधायक टूटते हैं तो उनके ऊपर दलबदल विरोधी कानून लागू होता है और उनकी सदस्यता समाप्त होती है। हालांकि ऐसा नहीं है कि इससे कम विधायक चाहें तो नहीं टूट सकते हैं। वे टूट सकते हैं लेकिन तब उनको विधानसभा से इस्तीफा देना होगा और उनकी सीट पर उपचुनाव होगा। तेलंगाना में इस बेसिक सिद्धांत का उल्लंघन हो रहा है। बीआरएस के 10 विधायक घोषित रूप से कांग्रेस में शामिल हो गए हैं और बीआरएस की ओर से शिकायत के बावजूद स्पीकर उनको अयोग्य नहीं ठहरा रहे हैं।

अब सुप्रीम कोर्ट ने स्पीकर के लिए तीन महीने की समय सीमा तय कर दी है। इस समय सीमा के अंदर उनको फैसला करना होगा। अगर वे बीआरएस से पाला बदलने वाले विधायकों को अयोग्य ठहराते हैं तो उनकी सीटें खाली होंगी और उपचुनाव होगा और अगर अयोग्य नहीं ठहराते हैं तो सुप्रीम कोर्ट में उनकी अयोग्यता पर सुनवाई होगी। तब यह देखना दिलचस्प होगा कि स्पीकर क्या तर्क देते हैं। यह सुनवाई बहुत दिलचस्प और आगे का रास्ता बनाने वाली हो सकती है। हो सकता है कि सुप्रीम कोर्ट हमेशा के लिए इस मामले को सुलझाए और ऐसे मामले में स्पीकर के फैसला करने के लिए एक समय सीमा तय कर दे। आखिर सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभाओं से पास विधेयकों पर फैसला करने के लिए राज्यपाल और यहां तक कि राष्ट्रपति के लिए भी एक समय सीमा तय की है। इसको लेकर विवाद चल रहा है और राष्ट्रपति ने अनुच्छेद 142 के तहत प्रेसिडेंशियल रेफरेंस सुप्रीम कोर्ट को भेजा है। परंतु तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल के मामले में दिया गया सुप्रीम कोर्ट का वह फैसला नजीर बन गया है।

सो, संभव है कि विधायकों की अयोग्यता के मामले में सुप्रीम कोर्ट स्पीकर के लिए एक समय सीमा तय करे। हालांकि बेहतर यह होता कि सुप्रीम कोर्ट के ऑब्जर्वेशन के आधार पर संसद में इसे लेकर नया कानून बनता। आखिर अगर संविधान में किसी मसले पर चुप्पी है और चुप्पी का फायदा उठा कर संवैधानिक पदों पर बैठे लोग एक या दूसरे राजनीतिक दल को फायदा या नुकसान पहुंचाने का काम करते हैं तो उस पर कानून बनाने का काम तो संसद को ही करना होगा! ध्यान रहे संविधान में इसके लिए कोई समय सीमा नहीं निर्धारित की गई है। जैसे राज्यपालों के लिए कोई समय सीमा नहीं है कि वे कितने दिन के अंदर किसी विधेयक पर फैसला करेंगे वैसे ही स्पीकर के लिए समय सीमा तय नहीं है कि अयोग्यता की शिकायत पर वह कितने दिन में फैसला करेगा। इस लूपहोल का फायदा कई बार सत्तारूढ़ दल की ओर से नियुक्त स्पीकर उठा चुके हैं। झारखंड की पिछली विधानसभा में तीन विधायकों बाबूलाल मरांडी, बंधु तिर्की और प्रदीप यादव की अयोग्यता का मामला पूरे पांच साल तक लंबित रहा।

इस विवाद की वजह से चार साल तक झारखंड विधानसभा में नेता विपक्ष ता पद खाली रहा क्योंकि भाजपा ने बाबूलाल मरांडी को विधायक दल का नेता चुना था, जबकि उनके खिलाफ अयोग्यता का मामला स्पीकर के पास लंबित था और वे उस पर फैसला नहीं कर रहे थे। क्या किसी सभ्य लोकतंत्र में ऐसी स्थिति की कल्पना की जा सकती है? महाराष्ट्र में भी स्पीकर ने शिव सेना के विधायकों की अयोग्यता का मामला लंबे समय तक लंबित रखा था। सुप्रीम कोर्ट की सख्त फटकार और निर्देश के बाद स्पीकर को फैसला करना पड़ा।

इसी तरह संभव है कि तेलंगाना में भी सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन करते हुए स्पीकर तीन महीने के अंदर फैसला करें। परंतु यह स्थायी समाधान नहीं है। इस मामले में स्थायी समाधान की जरुरत है, जो संसद से निकले तो ज्यादा बेहतर है। संसद के लिए सुप्रीम कोर्ट का फैसला एक अवसर है। सरकार को इसकी पहल करनी चाहिए कि वह कानून बना कर इस मसले को सुलझाए। ध्यान रहे स्पीकर द्वारा दलबदल करने वाले विधायकों पर कोई फैसला नहीं करना, कदाचार को बढ़ावा देने वाला है। राज्यों में विधायक निजी लाभ के लिए दलबदल करते हैं और सत्तापक्ष के साथ चले जाते हैं। इससे दलबदल विरोधी कानून का उल्लंघन होता है, जनादेश का अपमान होता है और कदाचार को बढ़ावा मिलता है।

इसलिए जितनी जल्दी हो सरकार या तो दलबदल विरोधी कानून में कुछ बदलाव करे या कोई नया कानून लाकर स्पीकर के लिए समय सीमा तय करे। संसद से लेकर विधानसभाओं तक के लिए यह कानून होना चाहिए। अगर सरकार इसकी पहल करती है तो निश्चित रूप से विपक्ष को इसका साथ देना चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता है तो जैसे सुप्रीम कोर्ट के आदेश से महाराष्ट्र का मसला सुलझा वैसे ही तेलंगाना का भी सुलझ जाए और आगे हमेशा के लिए विवाद की संभावना बनी रहेगी।

**यह निजी विचार है।**

# मोदी का Mission Sudarshan Chakra राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य को पूरी तरह बदल देगा

**नीरज कुमार दुबे**

प्रधानमंत्री ने कहा कि 2035 तक देश के सभी महत्त्वपूर्ण स्थल– रणनीतिक क्षेत्र, अस्पताल, रेलवे स्टेशन और धार्मिक स्थल, इस सुरक्षा कवच के दायरे में लाए जाएँगे। यह कवच पूरी तरह स्वदेशी तकनीक पर आधारित होगा और समय के साथ इसे मजबूत, विस्तारित और आधुनिक किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से 'मिशन सुदर्शन चक्र' की घोषणा की जोकि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा रणनीति में एक बड़ा मील का पत्थर माना जा रहा है। पाकिस्तान के साथ हालिया सीमा-पार सैन्य झड़पों के महज़ तीन महीने बाद आया यह ऐलान दर्शाता है कि भारत अपनी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर न केवल गंभीर है, बल्कि आने वाले दशकों के लिए दीर्घकालिक तैयारी भी कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा था कि 2035 तक देश के सभी महत्त्वपूर्ण स्थल– रणनीतिक क्षेत्र, अस्पताल, रेलवे स्टेशन और धार्मिक स्थल, इस सुरक्षा कवच के दायरे में लाए जाएँगे। यह कवच पूरी तरह स्वदेशी तकनीक पर आधारित होगा और समय के साथ इसे मजबूत, विस्तारित और आधुनिक किया जाएगा। हम आपको बता दें कि मिशन सुदर्शन चक्र को इजराइल के 'आयरन डोम' और अमेरिका के प्रस्तावित 'गोल्डन डोम' जैसी मिसाइल रक्षा प्रणाली के समकक्ष माना जा रहा है। फ़र्क़ यह है कि इजराइल एक छोटा देश है जबकि भारत को बहुत बड़े क्षेत्र को सुरक्षा कवच में लेना होगा। इसके लिए बहु-स्तरीय एयर और मिसाइल डिफेंस नेटवर्क, अर्ली वॉर्निंग और ट्रैकिंग सेंसर, भूमि और समुद्र आधारित इंटरसेप्टर मिसाइलें और अंतरिक्ष संसाधनों का प्रभावी उपयोग किया जायेगा। हम आपको याद दिला दें कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया था कि यह प्रणाली केवल शत्रु के हमलों को विफल नहीं करेगी बल्कि कई गुना ज़्यादा ताक़त से जवाबी कार्रवाई भी करेगी। इससे संकेत मिलता है कि भारत अपने पारंपरिक (गैर-परमाणु) शस्त्रागार में और विस्तार करने जा रहा है। इसके तहत 500 किमी रेंज की 'प्रलय' क्वासी-बैलिस्टिक मिसाइल, 1000 किमी रेंज की लैंड अटैक क्रूज़ मिसाइल और ब्रह्मोस की मारक क्षमता 450 किमी से बढ़ाकर 800 किमी करने जैसे ठोस कदम उठाये जा रहे हैं।

हम आपको याद दिला दें कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की मल्टी-लेयर्ड एयर डिफेंस प्रणाली ने तुर्की ड्रोन और चीनी मिसाइलों को विफल किया था। भारतीय वायुसेना प्रमुख एपी सिंह के अनुसार, रूसी मूल की स-400 प्रणाली ने पाकिस्तान के पाँच लड़ाकू विमान और एक विशेष मिशन विमान (300 किमी दूरी से) मार गिराया था। ये उपलब्धियाँ मिशन सुदर्शन चक्र की दिशा में आत्मविश्वास बढ़ाने वाली हैं।

बताया जा रहा है कि इस मिशन को डीआरडीओ के महत्त्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'कुशा' से भी जोड़ा जा रहा है। यह प्रणाली 150, 250 और 350 किमी रेंज तक दुश्मन के लक्ष्यों को भेद सकेगी। इसका पहला चरण 2028-29 तक तैयार होने की उम्मीद है। साथ ही, स्वदेशी बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (BMD) प्रणाली भी तैनाती के लिए तैयार की जा सकती है जो 2000 किमी तक की दुश्मन मिसाइलों को धरती के अंदर (एंडो) और बाहर (एक्सो) दोनों परतों में नष्ट करने की क्षमता रखती है। हम आपको याद दिला दें कि पिछले वर्ष भारत ने 5000 किमी रेंज वाली परमाणु-सक्षम दुश्मन मिसाइल को भी इंटरसेप्ट कर सफल परीक्षण किया था।

देखा जाये तो यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर भारत की परियोजनाओं को नष्ट करने और परमाणु युद्ध की धमकी दे रहे थे। दूसरी ओर, चीन लगातार अपनी मिसाइल और ड्रोन क्षमताओं का विस्तार कर रहा है। ऐसे माहौल में मिशन सुदर्शन चक्र केवल भारत के लिए सुरक्षा कवच ही नहीं, बल्कि रणनीतिक संदेश भी है कि भारत अब अपनी सीमाओं और नागरिक ढाँचों की सुरक्षा के लिए पूर्णतः आत्मनिर्भर और आक्रामक रक्षा नीति की ओर बढ़ रहा है।

बहरहाल, 'मिशन सुदर्शन चक्र' भारत की रक्षा रणनीति में एक निर्णायक कदम है। यह न केवल जनता में सुरक्षा का भरोसा जगाता है, बल्कि दुनिया को यह संकेत भी देता है कि भारत भविष्य के युद्ध परिदृश्यों के लिए तैयार है।

**यह निजी विचार है।**

# भक्तों के लिए विविध अवतार लेकर आये भगवान - पंडित मनोज शुक्ला

**(कृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे श्रोता)**

लोकशक्ति



चौहान ग्रीन वैली जुनवानी मे पं. रमेश कुमार तिवारी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमदभागवत कथा में ज्योतिषी व भागवताचार्य महामाया मंदिर रायपुर के पंडित मनोज शुक्ला जी महाराज ने आज भागवत रूपी अमृत का रसपान कराते हुए बताया कि अधर्म का नाश करने के लिए, भक्तों को तारने व दुष्टों का संहार करने भगवान अलग-अलग रूपों मे अवतार लेते हैं। उसी में से एक राम अवतार, वामन अवतार और एक कृष्ण अवतार था जो राजा रावण, राजा बलि और राजा कंस के अहंकार को नष्ट करने अवतार लिए थे। सूर्यवंश की कथा मे भगवान् राम अवतार लेकर रावण को मोक्ष प्रदान किया वंही राजा बलि भले ही भगवान का भक्त था पर उन्हें अपने ऊपर बहुत अहंकार था कि मेरे से बलवान, शक्तिशाली और दानी कोई नहीं है इसलिए भगवान ने वामन अवतार का रूप धारण कर तीन पग में धरती मांग कर राजा बलि के अहंकार को नष्ट किया।

कथा व्यास पंडित मनोज शुक्ला ने आगे भक्तों को कथा का रसपान कराते हुए कहा कि जब समुद्र का मंथन हुआ तो उसमें 14 रत्नों की प्राप्ति हुई, हमारा मानव शरीर भी एक सागर है और इस सागर रुपी मनुष्य शरीर को संस्कार रूपी मथनी से मथेंगे तो इसमें से भी रत्न की प्राप्ति होती है। मदराचल पर्वत को संभालने के लिए भगवान ने कच्छप का रूप धारण कर पर्वत के नीचे अपनी पीठ पर मंदराचल पर्वत को उठा लिया, उसी तरह मनुष्य भी अपने अहम भाव को दूर कर अपने शरीर को अपने मन को भगवान में लगाए तो निश्चित ही उन्हें भगवान की प्राप्ति हो जाएगी और उन्हें ज्ञान हो जाएगा।

पंडित शुक्ला ने आगे भगवान कृष्ण जन्म की मार्मिक जानकारी देते हुए, बताया कि जब कंस ने अपनी बहन का विवाह वसुदेव के साथ संपन्न कर उन्हें छोड़ने के लिए जा रहे थे तो आकाशवाणी सुनकर कि उनकी बहन के गर्भ का आठवां पुत्र ही कंस के मौत का कारण बनेगा और कंस को मार डालेगा ऐसा सुनकर उन्होंने अपनी बहन दमाद को बंदी बना लिया और कारागृह में ही उनकी बहन से होने वाले प्रत्येक पुत्रों को मारता गया लेकिन अपने भक्तों को तारने के लिए भगवान ने कारागृह में आठवें पुत्र के रूप में अवतार लिया और योग माया के प्रभाव से गोकुल चले गए व वहाँ जन्मी योगमाया (महामाया) कृष्ण अनुजा को वासुदेव लेकर आये जिसे कंस ने मारने का प्रयास किया तो उनके हाथ से छुट कर आकाश मे जाते हुए बोली की कंस तेरा मारने वाला कंही और पैदा हो गया है जो तेरा अंत करेगा और वह अदृश्य हो गई। कंस का क्रोध और बढ़ गया तथा आसपास क्षेत्र मे जितने भी नया बच्चा पैदा हुआ होगा तो उसे मारने का आदेश दे दिया। इस प्रकार जब कंस का अत्याचार बढ़ गया तब भगवान् श्रीकृष्ण ने कंस का वध किया।

आज भागवत कथा के दौरान जब छोटे-छोटे बच्चे कृष्ण रूप धारण किये तो सबका मन मोह लिया। मुख्य यजमान तिवारी परिवार द्वारा भक्तों को माखन, मिश्री, मिठाई प्रसाद का वितरण किया गया।



## राज्यपाल डेका ने किए महाप्रभु श्री जगन्नाथ भगवान के दर्शन

**रायपुर, लोकशक्ति।** / राज्यपाल श्री रमेन डेका ने रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर पहुंचकर भगवान जगन्नाथ का दर्शन एवं पूजन किया और देश एवं प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा उपस्थित थे।



कुल्लू की लग घाटी में बादल फटने से सड़क क्षतिग्रस्त हो गई।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नई दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर 205.79 मीटर तक पहुंचने के बाद यमुना बाजार क्षेत्र में बाढ़ प्रबंधन और तैयारियों की समीक्षा की।

## केंद्रीय मंत्री श्री जाधव ने कहा, आयुष उद्योग 200 अरब डॉलर के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है

**पीआईबी।** आयुष मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक आज नई दिल्ली में आयोजित हुई। केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री प्रतापराव जाधव ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में लोकसभा और राज्यसभा के विभिन्न राजनीतिक दलों के समिति के सांसदों ने भाग लिया।

संसदीय सलाहकार समिति के सदस्यों में डॉ. स्वामी सचिदानंद हरि साक्षी, डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेयी, श्रीमती. ज्योत्सना सी महंत, श्रीमती धर्मशिला गुप्ता, श्री परषोत्तम रूपाला, श्री अष्टिकर पाटिल नागेश बापुराव, श्री ज्योतिर्मय सिंह महतो, श्री लावु श्री कृष्ण देवरायलू, श्री सदानंद म्हालू शेट तनावडे, श्री बाबूभाई जेसंगभाई देसाई और श्री कृष्ण प्रसाद टेनेटी ने बैठक में भाग लिया। केंद्रीय मंत्री श्री प्रतापराव जाधव ने एक महत्वपूर्ण प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में आयुष मंत्रालय के एक स्वतंत्र मंत्रालय बनने के बाद पहली बार एक समर्पित संसदीय सलाहकार समिति का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण कदम आयुष से संबंधित मामलों पर केंद्रित चर्चा, बेहतर ध्यान और मज़बूत नीतिगत दिशा सुनिश्चित करने में मदद करेगा। यह अधिक समग्र और विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को बढ़ावा देने में मंत्रालय की भूमिका को और बढ़ाएगा।

# भारतीय विदेश सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राष्ट्रपति से मुलाकात की

### हमारे कूटनीतिक प्रयास हमारी घरेलू आवश्यकताओं और 2047 तक विकसित भारत बनने के हमारे उद्देश्य से जुड़े होने चाहिएः राष्ट्रपति मुर्मु



**पीआईबी।** भारतीय विदेश सेवा (2024 बैच) के प्रशिक्षु अधिकारियों ने आज (19 अगस्त, 2025) राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने अधिकारियों को भारतीय विदेश सेवा में शामिल होने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को अपनी यात्रा शुरू करते समय सभ्यतागत ज्ञान के मूल्योंड्ढ शांति, बहुलवाद, अहिंसा और संवाद आदि को अपने साथ लेकर चलना चाहिए। साथ ही, उन्हें अपने सामने आने वाली हर संस्कृति के विचारों, लोगों और दृष्टिकोणों के प्रति खुला रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके आसपास की दुनिया भू-राजनीतिक बदलावों, डिजिटल क्रांति, जलवायु परिवर्तन और बहुपक्षवाद के संदर्भ में तेज़ी से बदलाव देख रही है। युवा अधिकारियों के रूप में, उनकी चपलता और अनुकूलनशीलता हमारी सफलता की कुंजी होगी।

राष्ट्रपति ने कहा कि वैश्विक उत्तर और दक्षिण के बीच असमानता से उत्पन्न समस्याएं हों, सीमा पार आतंकवाद का ख़तरा हो या जलवायु परिवर्तन के निहितार्थ हों, भारत आज विश्व की प्रमुख चुनौतियों के समाधान का एक अनिवार्य हिस्सा है। भारत न केवल विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, बल्कि एक निरंतर उभरती हुई आर्थिक शक्ति भी है। हमारी आवाज़ का महत्व है। उन्होंने आगे कहा कि राजनयिकों के रूप में, भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी भारत का पहला चेहरा होंगे जिसे दुनिया उनके शब्दों, कार्यों और मूल्यों में देखेगी। राष्ट्रपति ने आज के समय में सांस्कृतिक कूटनीति के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हृदय और आत्मा से बने संबंध हमेशा मज़बूत होते हैं। चाहे वह योग हो, आयुर्वेद हो, श्रीअन्न हों या भारत की संगीत, कलात्मक, भाषाई और आध्यात्मिक परंपराएं हों, अधिक रचनात्मक और महत्वाकांक्षी प्रयास इस विशाल विरासत को विदेशों में प्रदर्शित और प्रचारित करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे कूटनीतिक प्रयास हमारी घरेलू आवश्यकताओं और 2047 तक विकसित भारत बनने के हमारे उद्देश्य के साथ निकटता से जुड़े होने चाहिए। उन्होंने युवा अधिकारियों से आग्रह किया कि वे स्वयं को न केवल भारत के हितों का संरक्षक समझें, बल्कि उसकी आत्मा का राजदूत भी समझें।

Truhome FINANCE

**ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड** (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)

**मुख्य कार्यालय:** लेवल-3, वॉकहार्ट टावर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400 051; **टेलीफोन:** 1800 102 4345; वेबसाइट: http://www.truhomefinance.in
**पंजीकृत कार्यालय:** श्रीनिवास टॉवर, पहली मंजिल, दरवाजा नंबर 5, पुराना नंबर 11, दूसरी लेन, सेनाटोफ रोड, अलवरपेट, तेनाम्पेट, चेन्नई-600018

**परिशिष्ट-IV-A** [नियम 8(6) का प्रावधान देखें] **अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित।**

इसके द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता/ओं एवं जमानतदार/ओं को सूचित किया जाता है कि ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में मेसर्स श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) के पास बंधक/प्रभारित नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, जिनका भौतिक कब्जा ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को "जहां है जैसा है", "जो है जैसा है जैसा है" तथा "जो कुछ भी है" के आधार पर 26.09.2025 को प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे के बीच ई-नीलामी में उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों से ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड को देय शेष राशि की वसूली के लिए बेचा जाएगा, जैसा कि तालिका में उल्लेख किया गया है। उधारकर्ताओं और गारंटरों का विवरण, देय राशि, अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण, आरक्षित मूल्य और बयाना राशि तथा निरीक्षण की तिथि भी इस प्रकार दी गई है:

| उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधक का नाम | वसूली की राशि और मांग नोटिस की तिथि | आरक्षित मूल्य (रु.) एवं बोली वृद्धि | नीलामी की तिथि व समय | संपर्क व्यक्ति का विवरण - AO एवं निपटान टीम |
|---|---|---|---|---|
| **(1) श्री गोविंद राम पुत्र श्री कार्तिक राम (2) श्रीमती सुमन पटेल पत्नी श्री गोविंद राम पता: मकान संख्या 356, वार्ड संख्या 18, स्कूल पारा मरौद, तहसील कुरुद, जिला धमतरी, छत्तीसगढ़ - 493663 साथ ही: ब्लॉक कॉलोनी, बिजली कार्यालय के पास, अभनपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 493661 ऋण खाता संख्या SHLHRAIP0000153** <br> **कब्जे की तारीख और समय** <br> **10/07/2025 एवं भौतिक कब्ज़ा** <br> **भार ज्ञात** अज्ञात | मांग नोटिस की तिथि: 10.04.2025 <br> रु. 4,83,129/- ( चार लाख तिरासी हजार एक सौ उनतीस रुपये मात्र) 09-04-2025 तक साथ ही अतिरिक्त ब्याज और लागत शुल्क। | रु. 2,85,000/- ( दो लाख पचासी हजार रूपये मात्र) **बोली वृद्धि** रु. 10,000/- और ऐसे गुणकों में <br> **बयाना राशि जमा (ईएमडी) (रु.)** <br> रु. 28,500/- ( अट्ठाईस हजार पांच सौ रुपये मात्र ) **ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 25/09/2025 समय सुबह 10.00 बजे से शाम 05.00 बजे तक** | **26 सितम्बर 2025** <br> **समय 11:00 बजे से 01.00 बजे तक** | **श्री रघुवीर सिंह - 8120000486 श्री संदीप सिंह - 9644676767 श्री अशफाक पटका - 9819415477** <br> **संपत्ति निरीक्षण दिनांक: 24/09/2025 प्रात: 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक।** |

**संपत्ति का विवरण**

सम्पूर्ण संपत्ति का एक टुकड़ा: आवासीय मकान संख्या 354, खसरा संख्या 523/2 का एक भाग, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, ग्राम बेलभाटा (अभनपुर), पीएच संख्या 50, आरआईसी अभनपुर, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़।
क्षेत्रफल 52.03 वर्ग मीटर (559.92 वर्ग फीट)। पूर्व में मकान संख्या 341, उत्तर में मकान संख्या 353, पश्चिम में 9 मीटर चौड़ी सड़क, दक्षिण में मकान संख्या 355।

**1) बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) की वेबसाइट देखें। 2) इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी ईएमडी राशि आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से नीचे दिए गए खाते के विवरण में जमा करनी होगी: बैंक का नाम: एक्सिस बैंक लिमिटेड शाखा: बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई बैंक खाता संख्या: चालू खाता संख्या: 911020045677633 आईएफएससी कोड: यूटीआईबी0000230**

स्थान: रायपुर
दिनांक 20-08-2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी-
ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)

## भारतीय रुपया 11 पैसे मजबूत होकर 87.25 प्रति डॉलर पर खुला

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय रुपया में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आज भी बढ़त देखने को मिला है। आज (19 अगस्त) रुपया 11 पैसे की तेजी के साथ 87.25 पर खुला, जबकि पिछले कारोबारी दिन इसका बंद भाव 87.36 पर रहा था। लगातार दूसरे दिन रुपये की मजबूती निवेशकों के लिए राहत की खबर है। यह रुझान घरेलू नीतिगत सुधारों और बाजार में बने सकारात्मक माहौल के चलते देखने को मिल रहा है। हालांकि, वैश्विक अनिश्चितता अब भी बनी हुई है। रुपये की मजबूती की प्रमुख वजह प्रधानमंत्री मोदी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर घोषित जीएसटी सुधार और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने वाली नीतियां मानी जा रही हैं। इन सुधारों से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। बाजार विशेषज्ञों ने अनुमान जताया कि रुपया आज 87.20 से 87.60 के दायरे में कारोबार कर सकता है। वहीं, सीआर फॉरेक्स एडवाइजर्स के अमित पबारी ने घरेलू इक्विटी बाजार की मजबूती को भी अहम कारण बताया।

## ओला इलेक्ट्रिक के शेयरों में 8.5 फीसदी का उछाल

**नईदिल्ली,एजेंसी।** इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निर्माता ओला इलेक्ट्रिक के शेयरों में मंगलवार (19 अगस्त) को 8.5 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। यह कंपनी के संस्थापक और अध्यक्ष की ओर से इलेक्ट्रिक दोपहिया बाजार में बाजार हिस्सेदारी और लाभप्रदता में सुधार लाने की आक्रामक रणनीति का खुलासा करने के बाद हुआ है। शेयर ने 44.73 रुपये का उच्चतम स्तर छुआ, हालांकि यह अगस्त, 2024 के 157.53 रुपये के 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर से लगभग 72 फीसदी नीचे है। कंपनी के संस्थापक और अध्यक्ष ने मनीकंट्रोल से बातचीत में अपनी रणनीति का खुलासा किया था। उन्होंने कहा कि कंपनी दोपहिया ईवी सेगमेंट में 25-30 फीसदी बाजार हिस्सेदारी हासिल करने की उम्मीद कर रही है, जिसे वर्टिकल इंटीग्रेशन, तकनीकी उन्नयन और उत्पाद विस्तार से मदद मिलेगी।

**न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 के न्यायालय में**
**मामला क्रमांक: 202508060005**

**विषय:- ब-121** **मामले की श्रेणी:-राजस्व** **वर्ष:- 2024-2025**
जामुल प.ह.नं 00001 [(हे.)]
**पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार -प्रधिकृत अधिकारी, ट्रूहोम फायनेंस लिमिटेड , अनावेदक पक्षकार - सालिकराम सिन्हा ,मीणा सिन्हा ,**

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि,
माननीय न्यायालय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्री पंकज दिक्षित के आदेश क्र/ MIC Cri./895/2025 दिनांक 26-06-2025, **आवेदक संस्था ट्रूहोम फायनेंस लिमिटेड (पूर्व नाम श्रीराम हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड) से अनावेदक सालिकराम सिन्हा पिता श्रीराम सिन्हा एवं मीणा सिन्हा पति सालिकराम सिन्हा,** निवासी- भगवत चौक, जामुल दुर्ग के द्वारा लिये गये **ऋण राशि रू. 9,20,865** के नियत तिथि तक चुकाए नहीं जाने के कारण, अनावेदक की बंधक रूपी संपत्ति मौजा ग्राम जामुल, प.ह.नं. 01 , खसरा नंबर 575/15, रकबा 0.008 हे. भूमि पर निर्मित मकान व प्लाट को सरफेसी एक्ट 2002 धारा 14 के तहत कब्जा लिये जाने बाबत् आवेदन पत्र इस कार्यालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण दर्ज किया।

उक्त प्रकरण के संबंध में जिसे किसी व्यक्ति/संस्था को उजर आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने किसी विधिमाय अधिवक्ता/अभिकर्ता के माध्यम से लिखित रूप से नियत दिनांक **22/08/2025** के पूर्व इस कार्यालय के समक्ष उपस्थित्त होकर प्रस्तुत्त कर सकते है, नियत दिनांक उपरांत प्राप्त आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक **11/08/2025** को जारी किया जाता है।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**उप तहसील - भिलाई-3**

## कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व संबंधी कार्यों की समीक्षा की

# त्रुटि सुधार के प्रकरणों को प्राथमिकता से करें निराकृत : कलेक्टर





**जांजगीर-चांपा** / कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर निराकृत एवं लंबित राजस्व प्रकरणों की तहसीलवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने ई-कोर्ट, त्रुटि सुधार, फौती, विवादित एवं अविवादित नामांतरण, विवादित एवं अविवादित बटवारा, नक्शा बटांकन, व्यपवर्तन, अभिलेख शुद्धता, आरबीसी छह-चार, स्वामित्व योजना, आधार प्रविष्टि, भू-अर्जन, वसूली, वन अधिकार पत्र, न्यायालयीन आदि प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की तथा लंबित प्रकरणों को शीघ्रता से निराकृत करने निर्देश दिए।

कलेक्टर ने राजस्व, कृषि एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को एग्रीस्टैक पंजीयन अंतर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री का निरीक्षण करने एवं शत प्रतिशत कृषकों का पंजीयन करने के निर्देश दिए है। साथ ही सर्व एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारियों को डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने ई-कोर्ट में निराकृत प्रकरण, ऑनलाइन दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने वसूली पत्रक अंतर्गत भू-राजस्व कर, नजूल भूमि से प्राप्त भू-भाटक तथा आरआरसी की समीक्षा की। आरबीसी 6-4 के लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए सभी प्रकरणों में विधिवत प्रक्रिया का पालन करते हुए त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने जाति प्रमाण-पत्र के संबंध में शत-प्रतिशत विद्यार्थियों को जाति प्रमाण-पत्र बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर श्री आर के तंबोली, सयुक्त कलेक्टर श्री संदीप सिंह ठाकुर, सर्व एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



## स्व. वेदप्रकाश शर्मा की नवम पुण्यतिथी आज

**जांजगीर चांपा** / अविभाजित जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर चांपा के पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. वेदप्रकाश शर्मा की नवम पुण्यतिथि आज मनाई जायेगी । इस अवसर पर उनके निज निवास में श्रद्धांजलि कार्यक्रम मध्यान्ह 3 बजे से रखा गया है । दिवंगत कांग्रेस नेता के पुत्र रिशी शर्मा ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत पहुँचकर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे वहीं उन्होने अपने स्व. पिता जी से जुड़े रहे शुभ चिंतकों को कार्यक्रम में उपस्थित होने की आग्रह किया है।

# एबीवीटीपीएस के विद्युत कर्मियों ने उत्साह से मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस

### क्षेत्रीय मुख्यालय स्तर पर 6 और 69 अधिकारी-कर्मचारी स्थानीय स्तर पर पुरस्कृत

जांजगीर-चांपा /



अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अभियंता श्री एचएन कोसरिया ने देश के बलिदानी सपूतों को नमन करते हुए ध्वजारोहण किया और सुरक्षा गारद का निरीक्षण कर सलामी ली।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री एसडी द्विवेदी, आरएल ध्रुव, एके शाह, आरके साव, एन. लकरा और आकृति महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती शशि कोसरिया एवं महिला मंडल की पदाधिकारी समेत अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह के मंच से मुख्य अभियंता ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में विद्युत संयंत्र ने 79.73 प्रतिशत पीएलएफ एवं 84.99 प्रतिशत पीएएफ अर्जित किया है। विद्युत गृह द्वारा जून तक 7.0179 करोड़ रूपए डीएसएम चार्ज अर्जित किया गया है।

उन्होंने कहा कि विद्युत संयंत्र ने जून 2025 में एक माह में सर्वाधिक 162 कोल रैक प्राप्त करने का कीर्तिमान बनाया है। इससे पहले जनवरी 2025 में मासिक 157 कोल रैक प्राप्त करने का कीर्तिमान दर्ज किया गया था। इस कीर्तिमान के लिए संचालन संधारण की टीम को बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं। श्री कोसरिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की प्रदेश स्तरीय अभियान ''एक पेड़ मां के नाम'' के तहत सिविल विभाग द्वारा सतत प्रयास से 5500 पौधे संयंत्र एवं आसपास के गांवों में लगवाए गए हैं। इसके लिए सिविल विभाग बधाई के पात्र हैं। मानव संसाधन विभाग, इलेक्ट्रिकल एवं टेस्टिंग डिविजन, नियंत्रण एवं उपकरण डिविजन, टरबाईन डिविजन एमआईएस आईटी विभाग, संरक्षा विभाग, रसायन विभाग ने अपने कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा किया है। इसके लिए सभी विभागों की प्रशंसा करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

उत्तम कार्य निष्पादन के लिए राज्य स्तर पर सहायक अभियंता सतीश कुमार रस्तोगी को मुख्यालय डंगनिया रायपुर में प्रशस्ति पत्र, पदक एवं पांच हजार रूपए नकद से पुरस्कृत किया गया। मुख्यालय की अनुशंसा पर क्षेत्रीय स्तर पर विद्युत गृह में मुख्य अभियंता के हाथों कार्यपालन अभियंता ईमिल तिग्गा, मुकेश कुमार पटेल, रविश कुमार, सहायक अभियंता चंद्रशेखर पटेल एवं अभिजीत मावलंकर और कनिष्ठ पर्यवेक्षक रामचंद्र को प्रशस्ति पत्र एवं पदक से पुरस्कृत किया गया। जबकि स्थानीय स्तर पर 69 अधिकारियों व कर्मचारियों और 39 ठेकाश्रमिकों को अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में कार्यक्रम का समन्वय एवं संचालन कल्याण अधिकारी आरएस टेकाम ने किया।

### 15 अगस्त की तारीख हमारी गहराई में अंकित हैं – राजकुमार साहू

## पूर्व माध्यमिक शाला सेंदरी में सभापति ने किया ध्वजारोहण

जांजगीर चांपा



नवागढ़ विकास खण्ड के ग्राम पंचायत सेंदरी के पूर्व माध्यमिक शाला में जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभापति राजकुमार साहू द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में ध्वजारोहण किया गया। इसी तरह ग्राम पंचायत सेंदरी के अंबेडकर चौक में जनपद सदस्य हेमंत पैगवार, पंचायत भवन में ग्राम सरपंच विद्यानंद बंजारे व उपसरपंच धनंजय पटेल ने आंगनबाड़ी भवन क्रमांक 01 में ध्वजारोहण किया। इस दौरान उपस्थित स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सभापति राजकुमार साहू ने कहा कि पंद्रह अगस्त की तारीख, हमारी सामूहिक स्मृति में गहराई से अंकित है। औपनिवेशिक शासन की लंबी अवधि के दौरान, देशवासियों की अनेक पीढ़ियों ने, यह सपना देखा था कि एक दिन देश स्वाधीन होगा। देश के हर हिस्से में रहने वाले पुरुष और महिलाएं, बूढ़े और जवान विदेशी शासन की बेड़ियों को तोड़ फेंकने के लिए व्याकुल थे। उनके संघर्ष में निराशा नहीं अपितु बलवती आशा का भाव था। आशा का वही भाव, स्वतंत्रता के बाद हमारी प्रगति को ऊर्जा देता रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे संविधान में ऐसे चार मूल्यों का उल्लेख है जो हमारे लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाए रखने वाले चार स्तंभ हैं। ये मूल्य हैं - न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता। ये हमारी सभ्यता के ऐसे सिद्धांत हैं जिन्हें हमने स्वाधीनता संग्राम के दौरान पुनः जीवंत बनाया। इस दौरान पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# खनिज विभाग द्वारा अवैध रेत उत्खनन परिवहन पर की गई कार्यवाही



**जांजगीर-चांपा** / कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे के निर्देशानुसार एवं श्री अनिल कुमार साहू, खनि अधिकारी के मार्गदर्शन में विगत 01 सप्ताह में खनिज उडनदस्ता दल प्रभारी श्री रेखालाल राजपूत, खनि निरीक्षक द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रो में खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण के प्रभावी रोकथाम हेतु औचक जॉच किया गया।

खनि अधिकारी ने बताया कि जॉच के दौरान हनुमानधारा चाँपा स्थित हसदेव नदी से खनिज रेत के अवैध उत्खनन करते 1 जेसीबी जप्त कर थाना चांपा की सुपुर्दगी मे दिया गया है तथा जिले के विभिन्न क्षेत्रो से खनिज रेत के अवैध परिवहन के 8 प्रकरण (07 हाईवा एवं 01 टेक्टर) दर्ज किया गया है। इसी प्रकार खनिज निम्न श्रेणी चूना पत्थर के अवैध परिवहन के 7 प्रकरण (06 हाईवा एवं 01 टेक्टर) दर्ज किया गया है। जप्त वाहनो को जिले के अलग-अलग थाने / परिसर चॉपा, बम्हनीडीह, मुलमुला, पुलिस लाईन, कलेक्ट्रेट परिसर के सुरक्षार्थ रखा जाकर वाहन मालिको के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है।

उन्होंने बताया कि खनिज एवं राजस्व अमला द्वारा 15 अगस्त को शिवरीनारायण के पास ग्राम भोगहापारा का संयुक्त मौका जॉच के दौरान खनिज रेत अवैध भण्डारण का 1 प्रकरण दर्ज किया जाकर अवैध भण्डारणकर्ता के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। खनिज उडनदस्ता दल द्वारा 18 अगस्त को शिवरीनारायण स्थित महानदी का मौके जाँच के दौरान बैराज के पास खनिज रेत का अवैध उत्खनन करते नही पाया गया। महानदी में निर्मित बैराज के सभी गेट खोला गया है जिस कारण नदी में पानी भरा होना पाया गया।

खनिजो के अवैध उत्खनन/परिवहन/भण्डारण के उपरोक्त दर्ज प्रकरणों पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जा रही है। जिले में खनिजो के अवैध उत्खनन / परिवहन/भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु इसी प्रकार आगे भी निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी।

## भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अंतर्गत राष्ट्रीय सम्मान हेतु आवेदन आमंत्रित




**जांजगीर-चांपा** / देश भर में जनजातीय गौरव वर्ष अंतर्गत भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती का स्मरणोत्सव आयोजित किया जाना है। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान करने वाले 150 जनजातीय व्यक्तियों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि जिले में ऐसे जनजातीय प्रतिभाशाली व्यक्ति, जिन्होने संस्कृति, खेल, शिक्षा, उद्यमिता, लोक सेवा या अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य किया हो उनसे 21 अगस्त 2025 को सायं 05 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। आवेदक प्रत्येक नाम के साथ लगभग 200 शब्दों का संक्षिप्त विवरण के साथ अपना आवेदन कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, पुराना कलेक्टर परिसर जांजगीर में जमा कर सकते है।

## गोधना में जुआ खेलते छः जुआड़ी सपड़ाये

### आरोपियों के कब्जे से नगदी 5200 रूपए एवं 52 पत्ती तास के साथ 2 नग मोबाइल बरामद

जांजगीर चांपा /

गोधना गांव में जुआ खेलते छः जुआड़ी सपड़ाया है जिसे नवागढ़ पुलिस ने रेड मारकर पकड़ा है । ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा विजय कुमार पाण्डेय आईपीएस के निर्देशन में जिले में जुआ/सट्टा खेलाने एवं खेलने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार



कश्यप के कुशल मार्गदर्शन पर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए जांजगीर पुलिस द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त क्रम में निरीक्षक अशोक वैष्णव थाना प्रभारी नवागढ़ के नेतृत्व में मुखबिर सूचना पर ग्राम गोधना में रेड कार्यवाही कर 6 जुवाड़ीयानो को जुआ खेलते पकड़ा और विधिवत गिरफ्तार कर आरोपियों के विरुद्ध छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3 (2) के तहत कार्यवाही किया गया। पकड़े गए जुआडियों में प्रदीप साहू उम्र 46 वर्ष निवासी गोधना, अरुण कुमार चौहान उम्र 30 वर्ष निवासी गोधना , भरत लाल साहू उम्र 38 वर्ष निवासी गोधना , गणेश राम कुर्रे उम्र 43 वर्ष निवासी गोधना , जितेंद्र साहू उम्र 49 वर्ष निवासी गोधना ,छोटेलाल काटले उम्र 43 वर्ष निवासी गोधना सभी थाना नवागढ़ जिला जांजगीर चांम्पा शामिल है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक अशोक वैष्णव थाना प्रभारी नवागढ़, प्रधान आरक्षक प्रेमलाल दिवाकर आरक्षक आरक्षण चंद्रमणि कश्यप, देवराज लसार, श्याम कुमार शांते एवम थाना स्टाफका सराहनिय योगदान रहा।

## ब्यास कश्यप की अनुशंसा पर 1.10 करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत

संवाददाता

जांजगीर-चांपा संवाददाता



विधायक ब्यास कश्यप की अनुशंसा पर विधासनसभा क्षेत्र में एक करोड़ दस लाख रूपये के विकास कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है। ज्ञात हो कि विधायक ब्यास कश्यप ने कृषि उपज मंडी समिति नैला क्षेत्रांतर्गत गांवों में पुल पुलिया निर्माण के लिए अनुशंसा पत्र प्रेषित किया था जिसमें 5 गांवों में निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है।

**स्वीकृत कार्य इस प्रकार हैं:-** 1. ग्राम खोंखसा से बसंतपुर के मध्य पुल निर्माण कार्य- 22.11 लाख।

2. ग्राम हाथीटिकरा से कापन के मध्य पुल निर्माण कार्य- 22.11 लाख।

3. ग्राम खैरा बस्ती से भाठापारा के मध्य पुल निर्माण कार्य- 22.11 लाख।

4. ग्राम अमोरा से खैरा के रास्ते के नाला पर पुल निर्माण कार्य- 22.11 लाख।

5. ग्राम नवापारा दहिदा के मार्ग के नाला में पुल निर्माण कार्य- 22.11 लाख।

कृषि उपज मंडी समिति नैला द्वारा बैठक में पारित प्रस्ताव क्रमांक 01 को छ.ग. राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस प्रकार मंडी क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए बड़े स्तर पर कदम उठाए गए हैं, जिससे ग्रामीण अंचलों में आवागमन और किसानों की सुविधा में महत्वपूर्ण सुधार होगा। क्षेत्रवासियों ने उपरोक्त कार्यों की स्वीकृति के लिए विधायक ब्यास कश्यप के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### सुरगी में छात्र-छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुति

# वरिष्ठ नागरिकों एवं स्वच्छता दीदियो को पंचायत परिवार ने किया सम्मानित

### छात्र-छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**राजनांदगांव।** आदर्श ग्राम (पूर्व मुख्यमंत्री गोद ग्राम) सुरगी में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान और आजादी की गौरव गाथा को स्मरण करते हुए सुरगी में 79 वा स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला,पूर्व माध्यमिक शाला सुरगी के छात्र-छात्राएं सुरगी स्कूल से गली भ्रमण के लिए निकले जहां पर उन्होंने सर्वप्रथम वृताकार सेवा सहकारी समिति मर्यादित में ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल हुए तत्पश्चात सुरगी हॉस्पिटल,आयुर्वेद औषधालय, पशु औषधालय, ग्राम पंचायत सुरगी ध्वजारोहण कार्यक्रम में फ्लैग मार्च करते हुए पहुंचे। सुरगी हॉस्पिटल में डॉ. श्वेता बंसोड ने ध्वजारोहण किया। शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय केंद्र में दिलीप भीमटे ने ध्वजारोहण की और सलामी दी पशु औषधालय केंद्र में तत्पश्चात ग्राम पंचायत भवन में सरपंच सुग्रीव साहू ने ध्वजारोहण किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में प्रभारी प्राचार्य योगेश गौतम ने ध्वजारोहण किया।



*वरिष्ठ नागरिकों एवं स्वच्छता दीदियों को किया सम्मानित**

15 अगस्त के पावन पर्व पर आदर्श ग्राम सुरगी में वरिष्ठ नागरिकों एवं स्वच्छता दीदियो को पंचायत परिवार द्वारा सम्मानित किया गया जिसमें तुलाराम साहू, पंचराम साहू, सोमनाथ साहू,भारत सिन्हा, परुकूमत साहू, कुंदन चतुर्वेदी, जैतराम सिन्हा, पैतराम सिन्हा, फगु कोसरे, गया राम सिन्हा, डालू प्रसाद दुबे, दाऊ बघेल, होमेंद्र प्रसाद दुबे, कन्हैया साहू, समारु दीपक, टहल राम साहू, बेनीराम साहू, हेमनाथ साहू, गैंदु राम टंडन, मनाजीत मटियारा, संपत ढीमर, रामू साहू,राम अवतार साहू,मूलचंद सोनसाटी साहू,नकुल देवार,त्रिलोकचंद पारख,इतवारी राम साहू,अघणु राम साहू, हरभजन सिंह भाटिया, रेखराम जोशी,नारद सिन्हा, मयाराम सिन्हा, बाबूलाल साहू,मंगलू राम यादव, राम आसरा धनकर को एवं स्वच्छता दीदियो को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत सरपंच सुग्रीव साहू सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया इस मौके पर पंचायत सचिव श्रीमती जावंतीन चंदेल,उप सरपंच युवराज साहू एवं ग्राम विकास समिति अध्यक्ष एवं समस्त पंचायत परिवार एवं वरिष्ठ नागरिकों व समस्त ग्रामीण जन की उपस्थिति में सम्मान समारोह संपन्न हुआ,

इस कार्यक्रम का मंच संचालन धर्मेंद्र कुमार जैन ने किया। कार्यक्रम का शुरूआत अतिथियों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने एवं राष्ट्रगान के साथ हुई विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की झलक पेश करते हुए परंपरागत वेश भूषा में बच्चों ने गीत संगीत और नृत्य की प्रस्तुति देकर उपस्थित जन समुदाय का दिल जीत लिया।

## खास खबर



### रात में बेवजह घूमने वाले 9 लोग पकड़ाये

**कोरबा,** | कोरबा पुलिस ने रात में बेवजह घूमने वालों पर सख्ती करते हुए मामले में 9 लोगों को पकड़कर उनके खिलाफ कार्यवाही की है।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 17/08/2025 को कोरबा पुलिस द्वारा शहर में रात्रि गश्त के दौरान बेवजह घूमने वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही की गई। इस दौरान बी.एन.एस. एस की धारा 128 के तहत कुल 09 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई।

यह कार्यवाही शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से की गई। पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी द्वारा आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए निर्देशित किया गया था कि पेट्रोलिंग एवं गश्त को दुरुस्त तरीके से किया जाए तथा बेवजह घूमने वाले व्यक्तियों पर दंडात्मक कार्यवाही की जाए। उक्त निर्देशों के पालन में जिले के सभी थाना/चौकी द्वारा यह कार्यवाही की गई। कोरबा पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा, जिससे असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाया जा सके और आम जनता सुरक्षित माहौल में रह सके।

### प्रेमी ने गला दबाकर की थी प्रेमिका की हत्या,लिखाई गई थी सर्पदंश से मौत की झूठी रिपोर्ट

कोरबा,| जिले के थाना बालकोनगर में एक महिला के प्रेमी द्वारार उसकी गला दबाकर हत्या करने के बाद उसकी मौत सांप काटने से होने की झूठी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि थाना बालकोनगर में दिनांक 22/07/24 को मर्ग क्रमांक 91/2024 धारा 194 बीएनएसएस में मृतिका शांति चौहान पति संजय चौहान उम्र 32 वर्ष निवासी नेपालीपारा चेकपोस्ट बालकोनगर की मृत्यु सर्पदंश से होना बता कर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। घटनास्थल निरीक्षण, शव निरीक्षण व शव परीक्षण के बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट मे डॉक्टर द्वारा स्पष्ट राय नहीं दी गई तथा बिसरा आदि पिजर्ब किया गया था एफएसएल रिपोर्ट पश्चात राय देने की बात कही गई थी। मृतिका के ब्लड सैम्पल को एफएसएल बिलासपुर भेजा गया, जहाँ रिपोर्ट में रासायनिक विष नहीं पाया गया। इसके पश्चात डॉक्टर ने अपनी अंतिम राय में बताया कि

मृतिका की मृत्यु गला दबाने से दम घुटने के कारण हुई तथा मृतका के शरीर में लगी सभी चोटें मृतिका की मृत्यु से पूर्व की हैं। जिसके बाद

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर थाना बालकोनगर पुलिस द्वारा मामले की विवेचना की गई। जांच में यह तथ्य सामने आया कि घटना दिनांक की रात्रि मृतिका अपने परिचित सौरभ यादव के साथ रह रही थी और अगले दिन सुबह मृत अवस्था में पाई गई।

# दीपका पुलिस ने पकड़े सात नशेबाज, कार्रवाई कर भेजा जेल

एजेंसी

दीपका पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने नशेड़ियों और नशे के कारोबार में शामिल सात आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दीपका पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है जो ज्योति नगर दीपका बस्ती और आसपास क्षेत्र के रहने वाले हैं गया है, जिनमें सुजीत कुमार सिंह, दीनानाथ यादव, देवव्रत साहू, छेदीलाल डाकुआ, बजरंग सोनी, मनोज कुमार पांडे और प्रीति मरकाम शामिल हैं। पौवा देसी प्लेन शराब, 9 लीटर कच्ची महुआ शराब और मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया है। दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने बताया कि क्षेत्र में पुलिस के द्वारा एक विशेष अभियान चलाया गया। जहां सार्वजनिक जगहों पर गांजा पीते और शराब बेचते पकड़ा गया। आरोपियों के खिलाफआबकारी अधिनियम और एनडीपीएस अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। बताया जावे की ज्योति नगर बस्ती में सामुदायिक भवन में नशेड़ी गांजा पीकर उत्पात मचाते हैं। जहां सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पांच



लोगों को पड़कर कार्रवाई की। वहीं कोरबा पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत 24 घंटे में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया और कुल 165 लीटर कच्ची शराब जब्त की। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 16,640 रुपये है। कुल 165 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई। आरोपियों को आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। सुंद देवांगण, समारू यादव, पप्पू कुमार चौहान और प्रीति मरकाम।कटघोरा, उरगा, और पाली क्षेत्र में कार्रवाई हुई। कोरबा पुलिस अवैध शराब निर्माण, परिवहन और बिक्री करने वालों पर सख्त निगरानी रख रही है और लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है।

## रेमिका की गला घोंटकर हत्या, पुलिस को बताई सांप काटने की झूठी कहानी, ऐसे हुआ मौत का खुलासा



**संवाददाता। कोरबाः** छत्तीसगढ़ के कोरबा में एक बड़ा मामला सामने आया है। यहां शादी के लिए दबाव बनाए जाने पर मारपीट कर मुंह दबाकर प्रेमी ने प्रेमिका की हत्या कर दी। घटना छिपाने के लिए सर्पदंश की वजह से मौत बता पुलिस को सूचना दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा होने पर पुलिस ने फरार प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया। घटना बालकोनगर थाना अंतर्गत नेपालीपारा चेकपोस्ट क्षेत्र की है।

शांति चौहान पति संजय चौहान 32 वर्ष निवासी नेपालीपारा चेकपोस्ट बालकोनगर की 22 जुलाई को मृत्यु सर्पदंश से होना बता कर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामले की विवेचना की। घटनास्थल, शव निरीक्षण व परीक्षण के बाद पोस्टमार्टम कराया गया। डाक्टर स्पष्ट रिपोर्ट नहीं दे सके, तब पुलिस ने बिसरा आदि प्रिजार्ब किया गया था, स्रस्रु रिपोर्ट पश्चात राय देने की बात कही गई।

# ब्राम्हण समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया आयुक्त ने

### सर्वब्राम्हण समाज कोरबा द्वारा ब्रम्ह वाटिका में आयोजित किया गया सम्मान समारोह

कोरबा संवाददाता

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने ब्राम्हण समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया तथा उन्हें अपनी हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आयुक्त श्री पाण्डेय ने बच्चों को उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें और अधिक परिश्रम करने, अपनी प्रतिभा को सही मार्ग व दिशा देने एवं शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों, विधाओं में भी ज्ञान अर्जित करने एवं अपनी प्रतिभा को निखारने हेतु उनका मार्गदर्शन किया।

सर्वब्राम्हण समाज कोरबा द्वारा 18 अगस्त सोमवार को कोरबा के पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप स्थित ब्रम्हवाटिका में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में अपनी




गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया, इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी टी.पी.उपाध्याय भी उपस्थित थे। सम्मान समारोह के दौरान समाज के ऐसे बच्चों जिन्होने वर्ष 2025 में कक्षा 10वीं, 12वीं में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अर्जित किए एवं वर्ष 2024 एवं 2025 में पी.एस.सी., आई.आई.टी., आई.आई.एम. तथा अन्य महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित हुए, को सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में इन प्रतिभावान बच्चों के माता-पिता, अभिभावकगण भी पहुंचे थे, उन्हें भी शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने बच्चों को सम्मानित करते हुए उन्हें अपनी हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सम्मान समारोह में समाज के संरक्षक अशोक शर्मा, कैलाश शर्मा, डॉ.संजय तिवारी, किशोर शर्मा, पार्षद प्रीति शर्मा व दिनेश शर्मा, राजेन्द्र तिवारी, राजकुमारी जोशी, नवलकिशोर सतपथी, प्रदीप पाठक, प्रदीप मिश्रा, के.डी.दीवान, रविन्द्र दुबे, सतेन्द्र दुबे, दशरथ शर्मा, ब्रिजमोहन दुबे, ललित शर्मा, महेन्द्र शर्मा, डॉ.त्रिपाठी, सी.पी.पाण्डेय, चन्द्र कुमार शर्मा, मूलचंद शास्त्री, भूषण प्रसाद मिश्रा, एवं समाज की महिला प्रकोष्ठ की सदस्या गायत्री नायक, शील तिवारी, मधु पाण्डेय, मनोरमा शर्मा सहित काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### प्रतिवर्ष 02 निर्धन बच्चों को गोद लेगा समाज

सर्वब्राम्हण समाज के सचिव डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि सर्वब्राम्हण समाज कोरबा द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि प्रतिवर्ष समाज के 02 ऐसे बच्चे जो निर्धन परिवार के होंगे, उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होगी, उन बच्चों को समाज गोद लेगा तथा उनकी शिक्षा-दीक्षा व कैरियर निर्माण आदि में आर्थिक सहयोग प्रदान करेगा।

## कोरबा में विश्व फोटोग्राफी दिवस का जश्न : फोटोग्राफरों ने साझा की अपनी कला और जुनून



कोरबा, संवाददाता

विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर कोरबा के फोटोग्राफरों ने एक यादगार कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में शहर के कई फोटोग्राफरों ने अपने स्व विचारों से आज के नवीनतम फोटोग्राफी से संबंधित जानकारी प्रदान की और समाज और देश के लिए उसकी आवश्यकता के बारे में उल्लेख किया। कार्यक्रम में मदन मोहन साहू, लक्ष्मी राठौर, धनंजय जायसवाल, अशोक साहू, वासुदेव साहू, अमित अग्रवाल, दूजे कुमार, प्रकाश अग्रहरि, रोशन अग्रहरि, रवि साहू, जय किशन, समीर, मयंक नायक, नीरज मिश्रा, अजय घसिया और अन्य सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दी।

इस अवसर पर सभी फोटोग्राफरों ने केक काटकर और रंगारंग कार्यक्रम में शामिल होकर इस विशेष दिन को यादगार बना दिया। साथ ही, सभी ने अपने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। कोरबा फोटोग्राफर संघ के सदस्यों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना योगदान दिया।

## उद्योग मंत्री के निर्देश का त्वरित पालन, अशोक वाटिका में नि :शुल्क रहेगा मार्निंग वाक योगा केन्द्र

**कोरबा संवाददाता।** उद्योग, वाणिज्य व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के द्वारा आमजन के हित में दिए गए निर्देश का त्वरित पालन करते हुए कोरबा जिला अरबन पब्लिक सोसायटी के द्वारा अशोक वाटिका में निःशुल्क मार्निंग वाक एवं योगा केन्द्र की सुविधा बहाल कर दी गई है, अब आमजन प्रातः 05 बजे से 09 बजे तक अशोक वाटिका में इस निःशुल्क सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। यहाँ उल्लेखनीय है कि कोरबा का सबसे बड़ा उद्यान अशोक वाटिका में प्रतिदिन लगभग 500 से ज्यादा नागरिक मार्निंग वाक योगा व स्वास्थ्य लाभ के लिए पहुंचते हैं, उक्त अशोक वाटिका संचालन संधारण कोरबा जिला अरबन पब्लिक सोसायटी के द्वारा कराया जा रहा है, संचालन संधारण के मद्देनजर सोसायटी द्वारा पूर्व में प्रवेश शुल्क का निर्धारण कराया गया था।




उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने आमजन के हित को देखते हुए अशोक वाटिका में मार्निंग वाक करने वालों व योगा प्राणायाम एवं स्वास्थ्य लाभ संबंधी करने वाले आमनागरिकों के लिए अशोक वाटिका में निःशुल्क प्रवेश की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे, सोसायटी द्वारा निर्देशों का त्वरित पालन करते हुए अब प्रातः 05 बजे से 09 बजे तक मार्निंग वाक योगा प्राणायाम की निःशुल्क सुविधा बहाल कर दी गई है।

## अधूरी सड़क पर टोल शुरू, कोरबा-चांपा का सफर हुआ महंगा

रायगढ़।

बिलासपुर संवाददाता

छत्तीसगढ़ के कोरबा नेशनल हाईवे में परिवर्तित हो जाने के बाद अब कोरबा-चांपा का सफर भी लोगों के जेब पर भारी पड़ेगा। यहां, गांव जमनीपाली के समीप बने टोल प्लाजा को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने शुरू कर दिया है। लोगों की शिकायत है कि कुछ-कुछ स्थानों पर सड़क का निर्माण अधूरा है। लेकिन टोल प्लाजा शुरू कर पूरा टैक्स वसूला जा रहा है। अब तक यहां से लोग निःशुल्क आवागमन कर रहे थे। लेकिन अब उन्हें हर बार यहां से गुजरने पर शुल्क अदा करना




होगा। मंथली पास की बात भी अधिकारियों ने कही है। लेकिन अभी इसे बनाने की शुरुआत नहीं हुई है। पास कब बनेगा, इसकी भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है. उरगा-चांपा सड़क की लंबाई 38.20 किलोमीटर है। यह हमारे पहले बेहद जर्जर था। सफर बेहद मुश्किलों भरा था, जिसे सुगम बनाने के लिए इसकी परिकल्पना की गई थी। सड़क के निर्माण में कई पेंच फंसे हुए थे। निर्माण के लिए जगह पर्याप्त नहीं थी। जमीन अधिग्रहण में समस्या आई।

# एनएचएम के कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर, चरमराई स्वास्थ्य सुविधाएं, अस्पतालों में भीड़

### एनएचएम के कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर, चरमराई स्वास्थ्य सुविधाएं, अस्पतालों में भीड़

**कोरबाः** सोमवार को सरकारी अस्पताल खुले, अस्पतालों में भीड़ थी लेकिन एनएचएम के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए. हड़ताल के पहले ही दिन सरकारी अस्पतालों की स्वास्थ्य सुविधा चरमरा गई. मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी. छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के आह्वान पर जिले के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत संविदा अधिकारी व कर्मचारी 10 सूत्रीय मांगों के समर्थन में सुबह 11 बजे घंटाघर चौक पर इकट्ठे हुए. मांगों के समर्थन में कर्मचारियों ने नारेबाजी की, प्रदर्शन शाम तक जारी रहा.

सरकारी अस्पताल में इस तरह का कार्य करते हैं एनएचएम कर्मचारी : एनएचएम के संविदा पर कार्यरत डॉक्टर, नर्स स्टॉफ लैब टेक्निशियन, फर्मासिस्ट, काउंसलर, आरएमए, एएनएम सहित 700 से ज्यादा स्वास्थ्य कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं पहुंचे. इससे कई शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (स्वास्थ्य केंद्र) में ताला लटका रहा, तो कई स्वास्थ्य केंद्र नहीं




खुले. इसकी वजह से मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिला और उन्हें लंबी दूरी तय कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल कोरबा और नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचना पड़ा. इससे दिन चढ़ने के साथ ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ती चली गई. दोपहर लगभग 12 बजे ओपीडी पर्ची काउंटर के सामने मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी. ओपीडी पर्ची के लिए मरीज और परिजनों को लंबी कतार में खड़े होकर एक से डेढ़ घंटे तक इंतजार करना पड़ा, तब जाकर पर्ची मिली.

**700 से ज्यादा स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल** डॉक्टरों की कुर्सियां खाली : मेडिकल कॉलेज अस्पताल के फिजियोथेरेपिस्ट विभाग में डॉक्टरों की कुर्सियां खाली रही. डॉक्टर हड़ताल पर रहे. इसकी वजह से अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को बेरंग ही वापस लौटना पड़ा. इसके अलावा सेंट्रल लैब में भी ब्लड, शुगर, यूरिन सहित विभिन्न बीमारियों की जांच के लिए मरीजों की भीड़ रही. मरीज लैब के बाहर बैठकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे.

**कोरबा एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल** काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन : संघ के पदाधिकारी ने बताया कि प्रदेश सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत संविदा के एनएचएम कर्मचारियों की संविलियन एवं स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे निर्धारण, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि सहित 10 सूत्रीय मांगों पर पहल नहीं कर रही है. इसे लेकर कर्मचारियों में नाराजगी है. सरकार संघ की मांग को जब तक पूरा नहीं करेगी. तब तक कर्मचारियों का हड़ताल जारी रहेगा. मंगलवार को कर्मचारी अंधकार मय संविदा जीवन की थीम पर काली पट्टी लगाकर धरना प्रदर्शन करेंगे.

## लूटपाट करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी कोरबा,** जिले के बालकोनगर थानाक्षेत्र में युवकों के साथ मारपीट कर लूटपाट करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा आरोपियों से नगदी रकम एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जब्त किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 16.08.2025 को रात्रि लगभग 11:40 बजे प्रार्थी चन्द्रभवन यादव अपने दोस्तों दिलबोध यादव एवं सरवन सिंह के साथ अपनी स्कूटी (क्रमांक सीजी 12 बीक्यू 4524) से पेट्रोल लेने पॉलीटेक्निक कॉलेज रूमगड़ा स्थित पेट्रोल पंप जा रहा था। रास्ते में हवाई पट्टी गुप्ता होटल मोड़ के पास 03 मोटरसायकल में सवार लगभग सात आठ अज्ञात युवकों ने प्रार्थी व उसके साथी को रोककर उसके व उसके दोस्तों के साथ मारपीट की, जिससे चन्द्रभवन यादव, दिलबोध यादव एवं सरवन सिंह को चोटें आई तथा आरोपियों ने नगदी व मोबाइल लूट लिया। लुटेरों द्वारा प्रार्थी से 1500 रुपये नगद, सरवन सिंह से मोबाइल रेडमी 9 प्राइम व 1200 रुपये नगद, तथा दिलबोध यादव से 3000 रुपये नगद लूट कर लिया। घटना मारपीट के दौरान एक हमलावर का चेहरा कपड़ा गिरने से खुला, जिसे पीड़ितों ने पहचान लिया कि वह दीपक मरावी निवासी प्रगतिनगर दर्री का रहने वाला है।



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज शाम राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में श्रीरामहर्षण मेथिल संख्य पीठाधीश्वर, श्री अयोध्याधाम से पधारे स्वामी श्री श्री वल्लभाचार्य जी महाराज ने सौजन्य भेंट की।

# भोपालपटनम थाना क्षेत्र में नक्सलियों का हमला, आईईडी ब्लास्ट में डीआरजी का एक जवान शहीद



**बीजापुर।** नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले से एक बार फिर नक्सलियों की करतूत सामने आई है। जिले के भोपालपटनम थाना क्षेत्र अंतर्गत उल्लूर घाटी इलाके में सोमवार को नक्सलियों द्वारा लगाए गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (ढ्ढश्वष्ठ) की चपेट में आकर डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (ष्ठक्रत्र) के तीन जवान घायल हो गए। इनमें से एक जवान ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया और शहीद हो गए, जबकि दो अन्य घायल जवानों का इलाज जारी है।एंटी नक्सल ऑपरेशन पर निकली थी डीआरजी की टीमप्राप्त जानकारी के अनुसार, डीआरजी की टीम क्षेत्र में एंटी नक्सल ऑपरेशन पर निकली हुई थी। इसी दौरान चिल्ला मरका गांव के पास नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर जवानों को निशाना बनाया। विस्फोट इतना तेज था कि आसपास का इलाका दहल उठा और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।घटना के तुरंत बाद घायल जवानों को सुरक्षित स्थान पर लाया गया और प्राथमिक उपचार के लिए भोपालपटनम अस्पताल पहुंचाया गया। वहां से घायलों को बेहतर इलाज हेतु रायपुर रेफर करने की तैयारी की जा रही है।

# शिक्षा विद्यार्थियों को विचारवान तथा समाजोपयोगी बनाती है : प्रो. राजीव प्रकाश




**रायपुर।** कृषि विश्वविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों हेतु 14 दिवसीय (18 अगस्त से 08 सितंबर 2025) दीक्षा आरंभ प्रेरण कार्यक्रम प्रारंभ कृषि विश्वविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों हेतु 14 दिवसीय (18 अगस्त से 08 सितंबर 2025) दीक्षा आरंभ प्रेरण कार्यक्रम प्रारंभ कृषि विश्वविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों हेतु 14 दिवसीय (18 अगस्त से 08 सितंबर 2025) दीक्षा आरंभ प्रेरण कार्यक्रम प्रारंभ

कृषि विश्वविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों हेतु 14 दिवसीय (18 अगस्त से 08 सितंबर 2025) दीक्षा आरंभ प्रेरण कार्यक्रम प्रारंभ

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा सत्र 2025-26 में नव प्रवेशित स्नातक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को चार वर्षीय पाठ्यक्रम के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराने हेतु आयोजित 14 दिवसीय प्रेरण कार्यक्रम ''दीक्षा आरंभ'' का दिनांक 18 अगस्त 2025 को कृषक सभागार में शुभारंभ किया गया। शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. राजीव प्रकाश, निदेशक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) थे और कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने की। दीक्षा आरंभ कार्यक्रम में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर परिसर के अंतर्गत संचालित समस्त कृषि महाविद्यालयों के विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक ऑफलाइन अथवा ऑनलाइन शामिल हुए।

दीक्षा आरंभ समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. राजीव प्रकाश, निदेशक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश की स्वतंत्रता के कई वर्षों बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू कर विद्यार्थियों को गुरू शिष्य परंपरा से जोड़ने की पहल की गई है और इसी कड़ी में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में दीक्षा आरंभ कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। प्रो. राजीव प्रकाश ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री और नौकरी देने का साधन नहीं है बल्कि यह व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास का माध्यम है। शिक्षा विद्यार्थियों को विचारवान तथा समाजोपयोगी बनाती है। शिक्षा विद्यार्थियों में जीवन मूल्यों का विकास करती है और उन्हें उत्कृष्टता प्राप्त करने की दृष्टि प्रदान करती है। प्रो. राजीव प्रकाश ने कहा कि नवीन शिक्षा नीति से नवीन भारत के निर्माण की परिकल्पना साकार होगी। उन्होंने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वे कृषि को अपना जीवनयापन का साधन बनायें। समारोह की अध्यक्षता करते हुए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत इस वर्ष सभी महाविद्यालयों में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षा आरंभ प्रेरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विगत वर्ष से नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू किया गया है तथा उसी के अनुरूप पाठ्यक्रमों तथा अध्ययन प्रणाली को विकसित किया गया है।

# स्टेट कैपिटल रीजन से तेजी से होगा विकास, नागरिक सुविधाओं में आएगा नया आयाम : मुख्यमंत्री

## भिलाई नगर निगम कार्यालय भवन के लिए 20 करोड़ की घोषणा



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि स्टेट कैपिटल रीजन से रायपुर, दुर्ग, भिलाई और राजनांदगांव सहित पूरे अंचल को लाभ मिलेगा। इससे विकास कार्यों में तेजी आएगी और नगरीय सुविधाओं का विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों के चुनाव में जारी अटल विश्वास पत्र के सभी वादों को एक-एक कर पूरा किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री साय आज भिलाई में नगर पालिक निगम क्षेत्र के लिए 241.50 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने भिलाई नगर पालिक निगम के नए कार्यालय भवन के लिए 20 करोड़ रुपये की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों के विकास के लिए सरकार भरपूर सहयोग दे रही है। नगरीय सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए राज्य में सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन किया गया है। पूरे राज्य में प्रशासन को डिजिटल और पारदर्शी बनाया जा रहा है, जिसका सीधा लाभ नागरिकों को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य की 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र शुरू हो चुके हैं। अगले छह महीनों में 5 हजार और पंचायतों को इस योजना से जोड़ा जाएगा। 24 अप्रैल 2026, पंचायती राज दिवस पर छत्तीसगढ़ की सभी ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र प्रारंभ किए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने बीते 20 महीनों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अधिकांश गारंटियों को पूरा किया है। किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी और 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान सुनिश्चित किया गया है। महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह एक-एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि दी जा रही है, जिससे 70 लाख से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के अंतर्गत भूमिहीन कृषि मजदूरों को सालाना 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। रामलला दर्शन योजना के तहत अब तक 22 हजार से अधिक श्रद्धालु अयोध्या यात्रा कर चुके हैं। उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने कहा कि प्रदेश में सरकार गठन के बाद पिछले एक वर्ष में सभी नगरीय निकायों के विकास के लिए सात हजार करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। नगरोत्थान योजना के तहत नगरीय निकायों में योजनाबद्ध और सुनियोजित विकास के लिए राशि दी जा रही है। विगत 18 माह में अकेले नगर पालिक निगम भिलाई को विकास कार्यों के लिए 470 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश के सात नगरीय निकायों को पहली बार राष्ट्रीय स्वच्छता पुरस्कार प्राप्त हुआ है। वहीं 20 हजार से कम जनसंख्या वाले शहरों में छत्तीसगढ़ के 58 शहर पुरस्कृत हुए हैं।इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने पार्षद श्रीमती स्मृति दोड़के को स्वच्छता वार्ड के लिए शील्ड प्रदान की। प्रधानमंत्री आवास योजना के 9 हितग्राहियों को गृह प्रवेश प्रमाणपत्र, पीएम सूर्य घर योजना के तीन हितग्राहियों को प्रमाणपत्र, दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल और व्हीलचेयर प्रदान की गईं। महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक गतिविधियों के लिए राशि के चेक तथा वूमेन फॉर ट्री योजना के तहत राधारानी महिला स्व-सहायता समूह को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

# छत्तीसगढ़ में चलेगा 'आदि कर्मयोगी अभियान', 17 सितंबर से होगी शुरुआत

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ में ' आदि कर्मयोगी अभियान ' चलाया जाएगा। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। छत्तीसगढ़ सहित देशभर के अनेक राज्यों में संचालित हो रहे इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय अंचलों में सेवा, समर्पण और सुशासन की भावना के साथ शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जनजातीय परिवारों को मूलभूत सुविधाओं से लाभान्वित किया जाना है, इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। इस अभियान के अंतर्गत राज्य के 28 जिलों, 128 विकासखंडों और 6,650 आदिवासी बहुल ग्रामों को शामिल किया गया है। अभियान के संचालन हेतु ग्राम स्तर पर 1,33,000 से अधिक कैडर तैयार किए जाएंगे।

इन्हें किया जाएगा शामिल

जिसमें एनजीओ, स्वयंसेवी, पंचायत प्रतिनिधि, युवा एवं सेवाभावी संगठन शामिल किए जाएंगे। ये कैडर आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन तथा ग्राम विकास की योजना निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# सतर्कता की शुरुआत स्वयं से होती है :पी. दयानन्द

## सीएमडी एसईसीएल हरीश दुहन ने केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों का पूर्ण रूप से पालन करने का किया आह्वान



**रायपुर।** मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी दयानंद के करकमलों से एसईसीएल में तीन माह के निवारक सतर्कता अभियान का शुभारंभएसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर में केंद्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार तीन माह के निवारक सतर्कता (Preventive Vigilance) अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानन्द उपस्थित थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता एसईसीएल सीएमडी श्री हरीश दुहन ने की। इस अवसर पर श्री सुनील जैन, आयुक्त, बिलासपुर संभाग; एसईसीएल निदेशक (तकनीकी ङ्क संचालन सह योजना/परियोजना) श्री एन. फ्रैंकलिन जयकुमार; निदेशक (मानव संसाधन) श्री बिरंची दास एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री हिमांशु जैन की विशिष्ट उपस्थिति रही।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। इसके पश्चात् अतिथियों द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। तत्पश्चात् कोल इंडिया कॉर्पोरेट गीत प्रस्तुत किया गया।इसके उपरांत सीएमडी एसईसीएल श्री हरीश दुहन ने सभी उपस्थितों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।

मुख्य अतिथि श्री पी. दयानन्द ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र में चाहे पीएसयू हों या राज्य शासन, पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के आयोजन निश्चित रूप से सतर्कता एवं पारदर्शी कार्यसंस्कृति को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और राज्य शासन दोनों ही एक-दूसरे के पूरक हैं तथा क्षेत्र के विकास के लिए दोनों के बीच परस्पर सहयोग एवं समन्वय अत्यंत आवश्यक है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एसईसीएल सीएमडी श्री हरीश दुहन ने कहा कि मैं टीम एसईसीएल के प्रत्येक सदस्य से यह आह्वान करना चाहता हूँ कि हम जो भी कार्य करें, नियम एवं नीति के दायरे में रहकर पूरी ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के साथ करें।

राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि एसईसीएल को अपने कार्यसंचालन को बेहतर बनाने के लिए राज्य शासन से निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग प्राप्त होता रहता है। इसी का परिणाम है कि इस वर्ष हम मेगा प्रोजेक्ट्स में भू-अधिग्रहण की प्रक्रिया में गति ला पाए हैं। इस दौरान उन्होंने भू-अधिग्रहण एवं अन्य क्षेत्रों में राज्य शासन से वांछित सहयोग से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की। मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री हिमांशु जैन ने बताया कि केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा इस वर्ष के अभियान की थीम ÷सतर्कता : हमारी साझा ज़िम्मेदारी÷ निर्धारित की गई है। इस अभियान के पाँच प्रमुख बिंदु हैं ङ्क लंबित शिकायतों का निपटान, लंबित मामलों का निपटान, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का संचालन, संपत्तियों का प्रभावी प्रबंधन तथा डिजिटल पहलों को बढ़ावा देकर कार्यप्रणाली को और अधिक आधुनिक एवं पारदर्शी बनाना।

# कैबिनेट विस्तार के अटकलों के बीच सीएम ने बुलाई अहम बैठक

## कैबिनेट की बैठक में कृषि, स्वास्थ्य सहित कई निर्णय लिए जाएंगे



**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ में इन दिनों कैबिनेट विस्तार को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। कौन-कौन से विधायक मंत्री बनेंगे इसे लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। हालांकि इस संबंध में सीएम विष्णुदेव साय या फिर बीजेपी के किसी नेता ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है कि कैबिनेट विस्तार अभी होगा या फिर लंबे समय के लिए टाल दिया है। कैबिनेट विस्तार की अटकलों के बीच छत्तीसगढ़ के सीएम ने कैबिनेट बैठक बुलाई है।

19 अगस्त को अहम कैबिनेट बैठक

छत्तीसगढ़ में कैबिनेट विस्तार के अटकलों के बीच सीएम विष्णुदेव साय ने कैबिनेट बैठक बुलाई है। बैठक को काफी अहम माना जा रहा है। बैठक में सीएम कई अहम फैसले ले सकते हैं। बताया जा रहा है कि कृषि, महिलाओं और स्वास्थ्य से जुड़ी कई योजनाओं को कैबिनेट में मंजूरी मिल सकती है।

दिल्ली के संदेश का इंतजार

छत्तीसगढ़ सरकार की होने वाली कैबिनेट विस्तार को लेकर अब दिल्ली के संदेश का इंतजार किया जा रहा है। उसके बाद ही तीन नए मंत्री को शपथ दिलाई जाएगी। अभी तक कैबिनेट विस्तार को लेकर कोई पुष्टि नहीं की गई है। लेकिन दावा किया जा रहा है कि शीर्ष नेतृत्व से हरी झंडी मिलने के बाद एक-दो दिन में कैबिनेट विस्तार हो सकता है।

विदेश दौरे पर जाएंगे सीएम

छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनने के बाद विष्णुदेव साय 21 अगस्त से 10 दिवसीय विदेश दौरे पर जापान और दक्षिण कोरिया जाएंगे। वे ओसाका वर्ल्ड एक्सपो 2025 में शामिल होंगे और उद्योगपतियों से मुलाकात करेंगे। उनकी यह यात्रा राज्य में निवेश को बढ़ाने को लेकर है।

# सबका साथ–सबका विकास की संकल्पना को पूरा करने पूर्ण इच्छाशक्ति के साथ कार्य कर रही है प्रदेश सरकार : उद्योग मंत्री श्री देवांगन

## उद्योग मंत्री ने स्लम बस्तियों को दी सर्वसुविधायुक्त उद्यान की सौगात




**रायपुर।** प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य व श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की ''सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास'' की संकल्पना को पूरा करने के लिए प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अगुवाई में राज्य सरकार पूर्ण इच्छाशक्ति के साथ कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह के कार्यकाल में प्रारंभ की गई दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाओं को पूर्ववर्ती सरकार ने बंद कर दिया था, अब मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने पुनः इन योजनाओं को प्रारंभ कराने के साथ ही अनेक जनहितैषी योजनाओं का क्रियान्वयन प्रदेश में कराया है, जिनका सीधा लाभ प्रदेश के करोड़ों नागरिकों को प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि जहाँ तक कोरबा के विकास का प्रश्न है तो मेरा संकल्प है कि नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के सभी वार्डो में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य होगें तथा जन समस्याओं के निराकरण के लिए पूरी संवेदनशीलता व प्राथमिकता के साथ कार्य किए जाएंगे। उक्त बातें उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने आज कोरबा नगर निगम क्षेत्र के बरपारा कोहड़िया में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान कहीं। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा केन्द्र सरकार के एन.सी.ए.पी. मद से 48 लाख रूपये की लागत से निगम के वार्ड क्र. 18 बरपारा कोहड़िया मुख्य मार्ग के किनारे सर्वसुविधायुक्त उद्यान का निर्माण कराया गया है। उन्होंने उद्यान का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के द्वारा की गई, वहीं सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, वार्ड पार्षद नरेन्द्र देवांगन, वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी सहित निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षदगण व जनप्रतिनिधिगण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय श्री मोदी के लक्ष्य पर तेजी के साथ कार्य कर रहे हैं, प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के केवल राज्य की जनता के हित में कार्य हो रहे हैं। उन्होने कहा कि मेरा संकल्प है कि नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में भी बिना किसी भेदभाव के सभी 67 वार्डो में समान रूप से विकास कार्य होंगे।

# राज्यपाल श्री डेका से कोपलवाणी विशेष स्कूल के बच्चों ने की मुलाकात



**रायपुर।**राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज राजभवन में कोपलवाणी विशेष स्कूल रायपुर के बच्चों ने मुलाकात की। मूक-बधिर बालक श्री गौकरण पाटिल ने श्री डेका को उनकी पोट्रेट भेंट की। गौकरण के हाथ नहीं है साथ ही वह सुनने और बोलने में भी असमर्थ है। राज्यपाल का पोट्रेट उसने अपने पैरों से बनाया है। श्री डेका ने चित्रकला में निपुण बच्चों का उत्साहवर्धन किया। स्कूल की संचालिका श्रीमती पद्मा शर्मा ने बताया कि स्कूल में वोकेशनल ट्रेनिंग के तहत विशेष बच्चों को चित्रकला का प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने बच्चों द्वारा तैयार पेटिंग को शासकीय आयोजनों में उपयोग हेतु आग्रह किया, जिससे उन्हें आय भी प्राप्त हो सके। श्री डेका ने इस दिशा में उचित कदम उठाने की बात कही। श्रीमती शर्मा ने 23 से 30 सितम्बर 2025 तक आयोजित बधिर सप्ताह के दौरान बधिर बच्चों के बीच आने का आग्रह राज्यपाल से किया। इस अवसर पर स्कूल के अन्य शिक्षक और संस्था के सदस्य उपस्थित थे।

**स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल** द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। **संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।**
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily **कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल** (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)